शुक्रवार, 26 जून 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 33 |
| आर्द्रता | 81% |
| सूर्योदय: 04:54 | सूर्यास्त: 18:24 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ (शुद्ध) शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



वेनेजुएला में भूकंप से 188 लोगों की मौत, 200 से ज्यादा लोग मलबे में फंसे पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : रिश्तों की गिनती नहीं उनकी गुणवत्ता मायने रखती है।

# तारातला हादसा : मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हुई

## अभी भी मलबे के नीचे कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका, बचाव कार्य जारी

### राष्ट्रपति एवं पीएम मोदी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये सहायता का ऐलान

### शुभेंदु ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख और घायलों को 1 लाख की सहायता का किया ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के तारातला इलाके में एक गोदाम ढहने की घटना में जान गंवाने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 11 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना के करीब 24 घंटे बाद भी बचाव दल सेना की उन्नत 'ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार' (जीपीआर) प्रणाली की सहायता से मलबे को हटाने और गहन तलाशी अभियान चला रहे हैं। बचाव अभियान से जुड़े सूत्रों के अनुसार, सुबह मलबे से पांच और लोगों को सुरक्षित निकाला गया, जिसके बाद मलबे से बाहर निकाले गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 30 हो गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, घटना स्थल पर या उसके कुछ समय बाद 10 लोगों की मौत हो गई थी जबकि एक अन्य घायल व्यक्ति ने गुरुवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। मृतकों की पहचान उत्तर 24 परगना के कृष्णा चौधरी (30), नादिया के रोहित चौधरी (40), पूर्व बर्दवान के राहुल चौधरी (17), कृष्णानगर के चंद्रमा चौधरी (60), श्यामनगर के पप्पू रजक (40), कोलकाता के खिदिरपुर के अजगर हुसैन (55), बासंती के साहिल सरदार (17), बिहार के मुंगेर के घी कुमार (17), मटियाब्रुज के हसन इमाम (44), आसनसोल के नवीन सिंह और गणेश कालिंदी (45) की मौत एसएसकेएम अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। अधिकारियों के अनुसार, 19 घायलों का फिलहाल सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है। इस बीच, भारी बारिश के कारण बचाव अभियान लगभग एक घंटे तक रुक गया हालांकि पुलिस, दमकल विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और सेना के कर्मी घटनास्थल पर तैनात रहे।

### सभी निर्माण कार्य चार सप्ताह तक स्थगित, ऑडिट का आदेश

शुभेंदु ने घोषणा की कि कोलकाता नगर निगम क्षेत्र, राजारहाट-न्यू टाउन, महेशतला, बजबज, पुजाली, सोनारपुर के बिष्णुपुर ग्रामीण क्षेत्र तथा दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में आपात सेवाओं को छोड़कर सभी निर्माण कार्य चार सप्ताह तक स्थगित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी स्वीकृत भवन नक्शों का ऑडिट किया जाएगा। इसके लिए एक समिति गठित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश पांडे करेंगे। शुभेंदु ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस द्वारा 'कट-मनी' लेकर और बिचौलियों के माध्यम से मंजूर किए गए सभी भवन नक्शों का ऑडिट किया जाएगा। ऑडिट पूरा होने तक किसी भी नये निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### फिरहाद हकीम के पूर्व ओएसडी कालीचरण बनर्जी गिरफ्तार

तारातला में निर्माणाधीन गोदाम की छत ढहने की घटना की जांच के बीच कोलकाता नगर निगम के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम के तत्कालीन ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) कालीचरण बनर्जी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। गुरुवार की सुबह मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने निगम में निर्माण स्वीकृति प्रक्रिया को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा था कि काली की मंजूरी के बिना कोई प्लान पास नहीं होता। इसके कुछ घंटों बाद ही पुलिस ने कालीचरण को हिरासत में ले लिया। बता दें कि कालीचरण बनर्जी राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। वह पहले बंगाल पुलिस में कार्यरत थे और बाद में प्रशासनिक सेवा से जुड़े। वर्ष 2018 में शोभन चट्टोपाध्याय के इस्तीफे के बाद जब फिरहाद हकीम कोलकाता के मेयर बने, तब नगर निगम में कालीचरण की भूमिका काफी प्रभावशाली मानी जाने लगी।

## गोदाम मालिक समेत पांच गिरफ्तार



### खामियों के बावजूद गोदाम के नक्शे को मंजूरी दी गई, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता में गोदाम ढहने की घटना में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि संरचनात्मक खामियों के बावजूद भवन का नक्शा मंजूर किया गया था और उस स्वीकृति पर पूर्व मेयर एवं तृणमूल कांग्रेस नेता फिरहाद हकीम के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने विधानसभा में कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य में तृणमूल सरकार ने 15 वर्षों के शासन के दौरान ऐसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए न तो आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था की और न ही पेशेवर बचाव दल तैयार किए। उन्होंने कहा कि अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार असगर की तलाश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि संरचनात्मक खामियों और दोषपूर्ण डिजाइन के बावजूद भवन का नक्शा मंजूर किया गया था और इस स्वीकृति पर कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने दोहराया कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कोलकाता नगर निगम में जमा होने वाला कोई भी भवन नक्शा 'काली' नामक व्यक्ति की मंजूरी के बिना स्वीकृत नहीं होता था। उन्होंने सदन में कहा कि यही काली 200 करोड़ रुपये की लागत से नया तृणमूल भवन बना रहा है। शुभेंदु ने कहा कि तृणमूल सरकार ने 2024 में नजदीकी गार्डन रीच इलाके में हुई इमारत ढहने की घटना समेत पिछली त्रासदियों से कोई सबक नहीं लिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने बताया कि तारातला हादसे के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस सभी आवश्यक कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उप-सहायक अभियंता अमीनुर शेख, सहायक अभियंता निर्मलेंदु सरदार और कार्यकारी अभियंता रंजन दास निर्माणाधीन गोदाम के संबंध में अपने दायित्वों का निर्वहन करने में विफल रहे।

# शुभेंदु सरकार सोमवार को विधानसभा में यूसीसी विधेयक करेगी पेश

### अब बंगाल में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार में समान कानून होंगे लागू

**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता बनर्जी किले को ढहाकर सत्ता में आई मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की नई सरकार अपने सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित वादे को अमलीजामा पहनाने जा रही है। खबरों के अनुसार, शुभेंदु सरकार आगामी सोमवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश करने वाली है। बता दें कि भाजपा ने अपने 'संकल्प पत्र' में वादा किया था कि सत्ता में आने के तीन महीने के भीतर राज्य में यूसीसी लागू कर दिया जाएगा, और अब सरकार उसी 'संकल्प' को सिद्ध करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। समान नागरिक संहिता लागू होते ही बंगाल में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे संवेदनशील मामलों में धर्म, जाति या लिंग के भेदभाव के बिना सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून व्यवस्था लागू हो जाएगी। गुजरात, उत्तराखंड और असम जैसे भाजपा शासित राज्यों की राह पर चलते हुए अब बंगाल भी कानूनी एकरूपता का नया अध्याय लिखने जा रहा है। चालू विधानसभा सत्र में इस बिल के पेश होने की खबरों ने राज्य की सियासत में हलचल तेज कर दी है।

### असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने वाला विधेयक करेगी पेश

राज्य में असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए एक नया विधेयक 29 जून को विधानसभा में पेश किया जाएगा। 'द वेस्ट बंगाल पब्लिक सेफ्टी एंड कंट्रोल ऑफ एंटी-सोशल एक्टिविटीज बिल, 2026' शीर्षक वाले इस विधेयक की राजपत्र अधिसूचना जारी हो चुकी है और इसे सोमवार को सदन में मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा।

## सरकार ने पासपोर्ट के लिए आवेदन शुल्क में वृद्धि की



**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को पासपोर्ट शुल्क के ढांचे में बदलाव किया जिसके तहत 36 पन्नों के नये सामान्य पासपोर्ट के लिए अब 1,500 रुपये की जगह 2,500 रुपये का भुगतान करना होगा। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना से यह जानकारी सामने आई। बीस जून को तैयार अधिसूचना के मुताबिक, पासपोर्ट नियम, 1980 में संशोधन कर आवेदन शुल्क के ढांचे में बदलाव किया गया है। नए नियम एक जुलाई 2026 से लागू होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि 36 पन्नों के नये सामान्य पासपोर्ट या इतने ही पन्नों के पासपोर्ट को फिर से जारी किए जाने के लिए सामान्य आवेदन शुल्क 2,500 रुपये होगा, जबकि तत्काल सेवा के लिए 5,000 रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। मौजूदा समय में 36 पन्नों के नये सामान्य पासपोर्ट या इतने ही पन्नों के पासपोर्ट को फिर से जारी किए जाने के लिए सामान्य आवेदन शुल्क 1,500 रुपये, जबकि तत्काल शुल्क 3,500 रुपये है। अधिसूचना के अनुसार, 60 पन्नों के नये सामान्य पासपोर्ट या इतने ही पन्नों के पासपोर्ट को फिर से जारी किए जाने के लिए सामान्य आवेदन शुल्क 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,500 रुपये, जबकि तत्काल आवेदन शुल्क 4,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये कर दिया गया है।

## सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने पश्चिम एशिया संकट का दबाव कम होने के साथ बृहस्पिवार को होटल, रेस्टरां जैसे वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति को संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया। साथ ही, हाल ही में हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लिए आपूर्ति को लेकर लगाये गये प्रतिबंधों को भी हटा लिया। यह कदम बताता है कि वैश्विक बाजार के स्थिर होने के साथ ही ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं कम हो रही हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घरेलू उत्पादन में सुधार और आयातित एलपीजी कार्गो के आने की उम्मीद के बाद वाणिज्यिक एलपीजी पर लगे प्रतिबंध हटा लिए गए हैं।




## मुकाबले को युद्ध स्तर पर हो तैयारी

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के कमजोर रहने की चिंताओं के बीच देश के कृषि क्षेत्र के सामने सूखे की चुनौती पैदा होने की आशंका बलवती हुई है। हाल-फिलहाल बारिश में चालीस से छियालीस प्रतिशत की कमी मापी गई है। देश के मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दो जुलाई तक मानसून की सक्रियता कम रहने के अनुमान के कारण खरीफ की फसल को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। केंद्र सरकार ने कम बारिश वाले 315 जिलों में से 111 ऐसे जिलों की पहचान की है, जो सूखे की दृष्टि से ज्यादा जोखिम वाले हो सकते हैं। जो आसन्न संकट की गंभीरता को भी दर्शाता है। यह विडंबना है कि तमाम सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के बावजूद आज देश में खेती की मॉनसून की बारिश पर निर्भरता बनी हुई है। यही वजह है कि मॉनसून में देरी या कम बारिश होने का सीधा असर फसल की बुवाई, खाद्यान्न की पैदावार, ग्रामीणों की आय और खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई के रूप में पड़ता है। ऐसे में यदि जुलाई व अगस्त माह के महत्वपूर्ण समय में बारिश सामान्य से कम होती है तो इसके परिणाम चिंता बढ़ाने वाले हो सकते हैं। केंद्र सरकार राज्य और जिले स्तर पर आपातकालीन योजनाएं तैयार कर रही है। सरकार सूखे में भी बेहतर उत्पादन कर सकने वाली फसलों को बढ़ावा देने के साथ ही जल संरक्षण पर जोर दे रही है। साथ ही कोशिश है कि किसानों के लिये बीज-उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। देश में दालों, तिलहन और मोटे अनाजों की खेती को प्राथमिकता देना जरूरी है, क्योंकि ये फसलें कम पानी में भी सामान्य उत्पादन दे सकती हैं। सुखद ही है कि अल नीनो मॉनिटरिंग सेल को सक्रिय किया गया ताकि कृषि विज्ञान केंद्रों के जरिये रियल-टाइम सलाह किसानों को देकर सूखे के प्रभावों को कम किया जा सके। निश्चित रूप से पूरी तैयारी के साथ सूखे से मुकाबले का मतलब है कि हमने आधी लड़ाई जीत ली है।

आज जरूरत इस बात की है कि सूखे की आशंका के बीच जल संकट से मुकाबले के लिये एक प्रभावी समग्र नीति बने। समय-समय पर इन नीतियों में सुधार किया जाए। जरूरी है कि जलवायु परिवर्तन संकट के दौर में मानसून के व्यवहार में अनिश्चितता के बीच खेती की बारिश पर निर्भरता को कम करने के लिये व्यापक रणनीति तैयार की जाए। इसके लिये जरूरी है कि सूक्ष्म-सिंचाई सुविधा का विस्तार, जल निकायों के पुनरुद्धार, भूजल प्रबंधन को बेहतर बनाने और जलवायु के अनुरूप खेती को बढ़ावा देने के प्रयास हों। हम मौसम के बदलते मिजाज पर हर बार प्रतिक्रिया देने के बजाय दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकताएं सुनिश्चित करें। हमें किसानों को आर्थिक संकट से उबारने को अपनी वरीयता सूची में शामिल करना चाहिए। विडंबना यह है कि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की रक्षा के लिये बीमा कवरेज अभी भी ज्यादा प्रभावी नहीं है। किसानों को फसलों को क्षति पहुंचने पर मुआवजा लेने के बारे में व्यावहारिक जानकारी अक्सर कम ही होती है। वैसे तो देश में अनाज का पर्याप्त भंडारण है और आपातकालीन व्यवस्था के चलते देश की खाद्य सुरक्षा को तुरंत कोई बड़ा खतरा नहीं है। लेकिन हमें लाखों किसानों का जीविका संरक्षण भी प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश में मौसम के मिजाज में होने वाला बदलाव अब कभी-कभार की बाधा नहीं रही, बल्कि बार-बार होने वाली सच्चाई बन गया है। मानसून के व्यवहार में लगातार अनिश्चितता को देखते हुए देश के नीति-निर्माताओं को खेती संरक्षण के लिये एक ऐसा तंत्र बनाने की जरूरत है, जो मौसम के बदलावों का बेहतर ढंग से मुकाबला कर सके। तभी हम भविष्य की अनिश्चितताओं का सही तरीके से सामना कर सकेंगे। साथ ही हमें देश में पानी के सदुपयोग की दिशा में भी पहल करने की जरूरत है। देश में जलाशयों के जल का किफायती उपयोग हो। निस्संदेह, कम बारिश से केवल किसान व ग्रामीण अर्थव्यवस्था ही प्रभावित नहीं होती है, सूखे में खाद्यान्न की उत्पादकता घटने पर अनाज महंगा होने से आम आदमी का जीवन भी बाधित होता है। जिससे किसान की ही नहीं, पूरे देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

# घर की चौखट से बाहर क्यों समाप्त हो जाती है हमारी स्वच्छता?



डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय

भारत में स्वच्छता को सदैव संस्कृति, सभ्यता और आध्यात्मिक चेतना का अभिन्न अंग माना गया है। हमारे शास्त्रों में बाह्य और आंतरिक दोनों प्रकार की शुद्धता को जीवन का आवश्यक गुण बताया गया है। किंतु विडंबना यह है कि आज भी हममें से अधिकांश लोग अपने घरों को अत्यंत स्वच्छ और व्यवस्थित रखते हैं, परंतु घर की चौखट लाँघते ही वही स्वच्छता-बोध कहीं खो जाता है। सड़कें, बाजार, पार्क, बस-स्टैंड, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थल अक्सर हमारे असावधान व्यवहार के साक्षी बन जाते हैं। प्रश्न यह है कि जो व्यक्ति अपने बैठक-कक्ष में धूल का एक कण भी सहन नहीं कर सकता, वह सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकते समय क्यों नहीं झिझकता?

यह समस्या केवल स्वच्छता की नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक मानसिकता का दर्पण है। मनोविज्ञान बताता है कि मनुष्य जिस वस्तु या स्थान को अपना मानता है, उसके प्रति वह अधिक उत्तरदायी होता है। घर उसकी पहचान, प्रतिष्ठा और आत्मीयता का प्रतीक होता है, इसलिए वह उसे स्वच्छ रखने में कोई कसर नहीं छोड़ता। इसके विपरीत सड़क, पार्क या बाजार को वह 'सार्वजनिक' मानकर अपनी जिम्मेदारी से अलग कर देता है। यही सोच नागरिक उत्तरदायित्व के अभाव को जन्म देती है।

दुर्भाग्य से हमारे समाज में सार्वजनिक संपत्ति को लेकर स्वामित्व-बोध अभी भी पर्याप्त विकसित नहीं हो पाया है। हम भूल जाते हैं कि जिस सड़क पर हम चलते हैं, जिस पार्क में हमारे बच्चे खेलते हैं और जिस बाजार से हम अपनी आवश्यकताएँ पूरी करते हैं, वे सब भी उतने ही हमारे हैं जितना हमारा घर। जब तक यह भाव विकसित नहीं होगा, तब तक स्वच्छता केवल निजी सीमाओं तक ही सिमटी रहेगी।

इस समस्या का एक मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। मनुष्य सामाजिक प्राणी है और वह अपने आसपास के लोगों के व्यवहार से प्रभावित होता है। यदि किसी स्थान पर पहले से गंदगी फैली हो, तो अधिकांश लोग वहाँ और कूड़ा फेंकने में संकोच नहीं करते। इसके विपरीत यदि कोई स्थान स्वच्छ हो, तो व्यक्ति वहाँ गंदगी फैलाने से बचता है। यही कारण है कि स्वच्छता और गंदगी दोनों ही सामाजिक व्यवहार के माध्यम से फैलती हैं।

तंत्रिका-विज्ञान भी इस प्रवृत्ति को समझने में सहायता करता है। मानव मस्तिष्क तात्कालिक सुविधा को प्राथमिकता देता है। हाथ में पकड़े हुए कागज़ या प्लास्टिक को डस्टबिन तक ले जाने की अपेक्षा उसे तुरंत फेंक देना अधिक सरल प्रतीत होता है। यह छोटी-सी सुविधा धीरे-धीरे आदत का रूप ले लेती है। आदतें जब सामूहिक व्यवहार बन जाती हैं, तब वे सामाजिक संस्कृति को प्रभावित करने लगती हैं।

किन्तु इस मानसिकता की कीमत केवल सौंदर्य-बोध तक सीमित नहीं रहती। इसके दूरगामी दुष्परिणाम समाज और पर्यावरण दोनों को भुगतने पड़ते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर फैला कचरा न केवल शहरों की छवि को धूमिल करता है, बल्कि जल, वायु और मृदा प्रदूषण को भी बढ़ावा देता है। प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट नालियों को अवरुद्ध करते हैं, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। कूड़े के ढेर रोग फैलाने वाले कीटों और जी-वाणुओं के आश्रय-स्थल बन जाते हैं। डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और हैजा जैसी बीमारियाँ कहीं न कहीं हमारी इसी लापरवाही का परिणाम हैं।

पर्यावरणीय दृष्टि से देखें तो यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। प्लास्टिक अपशिष्ट नदियों और जलाशयों तक पहुँचकर जलीय जीवन को प्रभावित करता है। पशु-पक्षी भोजन समझकर प्लास्टिक निगल लेते हैं और असमय मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन धीरे-धीरे प्रभावित होने लगता है। वस्तुतः सड़क पर फेंका गया एक छोटा-सा कचरा भी पर्यावरणीय संकट की लंबी श्रृंखला का आरंभ बन सकता है।

इस स्थिति को बदलने के लिए केवल सरकारी अभियानों या दंडात्मक व्यवस्थाओं पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। आवश्यकता मानसिकता परिवर्तन की है। विद्यालयों में बच्चों को केवल स्वच्छता का पाठ पढ़ाने के बजाय स्वच्छता का व्यवहार सिखाया जाना चाहिए। परिवारों को भी यह समझना होगा कि बच्चों के लिए सबसे बड़ा पाठ्यपुस्तक उनका स्वयं का आचरण होता है। यदि माता-पिता सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता का पालन करेंगे, तो बच्चे भी उसी का अनुकरण करेंगे।

साथ ही, स्थानीय समुदायों, सामाजिक संगठनों और नागरिक समूहों को भी स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप देना होगा। सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त डस्टबिन, प्रभावी कचरा प्रबंधन व्यवस्था और नियमों का कठोर पालन भी आवश्यक है। किंतु इन सबके मूल में नागरिक चेतना का जागरण ही सबसे महत्वपूर्ण है।

स्वच्छता का वास्तविक अर्थ केवल अपने घर को चमकाना नहीं, बल्कि उस पूरे परिवेश को स्वच्छ रखना है जिसमें हमारा समाज साँस लेता है। जिस दिन हम सड़क, पार्क और बाजार को भी अपने घर का विस्तार मानने लगेंगे, उस दिन स्वच्छता अभियान किसी सरकारी योजना का नाम नहीं रहेगा, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा बन जाएगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम स्वयं से एक प्रश्न पूछें- क्या हमारी जिम्मेदारी घर की दीवारों तक सीमित है, या फिर उस समाज तक भी विस्तृत है जो हमारे जीवन को संभव बनाता है? यदि उत्तर दूसरा है, तो स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि नागरिक धर्म है; और इसका पालन प्रत्येक जागरूक नागरिक का नैतिक कर्तव्य।

स्वच्छ घर एक अच्छी शुरुआत है, परंतु स्वच्छ समाज ही एक विकसित राष्ट्र की पहचान है।

-शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं हिंदी भाषा विशेषज्ञ

# श्री नरेन्द्र मोदी: सबसे लंबे समय तक 'प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित' प्रधानमंत्री



सुश्री शर्मिष्ठा मुखर्जी

भारत में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नेता को लेकर चल रही बहस के बीच, मुझे मेरे पिता, स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी की 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अभूतपूर्व जीत के बारे में बताई गई एक दिलचस्प बात याद आती है। उस समय बाबा भारत के 13वें राष्ट्रपति थे। अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं से जुड़े होने के बावजूद, उनके बीच बहुत अच्छे संबंध थे, जो शायद एक सच्चे लोकतंत्र की वास्तविक पहचान है।

चुनाव परिणाम आने के बाद, मोदी जी राष्ट्रपति भवन में बाबा से मिलने आए। बातचीत के दौरान, बाबा ने मोदी जी से चुनाव के बारे में उनका विश्लेषण पूछा। उन्होंने उत्तर दिया कि तीन दशकों के बाद किसी राजनीतिक पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है। तब बाबा ने अपने विशिष्ट प्रोफ़ेसर वाले अंदाज़ में पूछा, 'और क्या?' जब मोदी जी चुप रहे, तो बाबा ने बताया कि 2014 का लोकसभा चुनाव इतिहास में अनोखा था, क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर एक नया चेहरा पहले ही घोषित कर दिया गया था। भारतीय जनता पार्टी को मिला लोगों का अपार समर्थन केवल उनकी पार्टी के लिए नहीं था, बल्कि यह लोगों का श्री नरेन्द्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए सीधा जनादेश था। दूसरे चुनावों के विपरीत, जहाँ प्रधानमंत्री का चेहरा या तो मान लिया जाता है पर आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं किया जाता; या परंपरा के अनुसार नवनिर्वाचित सांसद उनका चुनाव करते हैं; या यह गठबंधन के गणित से तय होता है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद होती है। मोदी जी से पहले डॉ. मनमोहन सिंह, जो कभी जन-नेता नहीं रहे, उन्हें तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने चुना था। भारत के दो प्रधानमंत्री, श्री पी.वी. नरसिम्हा राव और श्री एच.डी. देवेगौड़ा - तो प्रधानमंत्री बनने के समय संसद के सदस्य भी नहीं थे। सरल शब्दों में कहें तो, प्रधानमंत्री का चुनाव वरिष्ठ राजनेता करते थे। 2014 भारतीय राजनीति के चुनावी समीकरणों में एक बहुत बड़ा बदलाव था, जहां देश की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी को लगभग 'राष्ट्रपति चुनाव' की ही तरह, स्पष्ट रूप से और बिना किसी संदेह के अपना प्रधानमंत्री चुना।

उल्लेखनीय है कि 2014 से पहले श्री नरेन्द्र मोदी जी 'राष्ट्रीय' राजनीति में नए थे। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर अपने लंबे कार्यकाल के दौरान अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई थी, लेकिन 2014 उनका पहला लोकसभा चुनाव था। यह एक अन-ोखी बात है कि पहली बार सांसद बनने वाले व्यक्ति ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार संसद भवन में प्रवेश किया। (पुरानी) संसद की सीढ़ियों पर 'प्रणाम' करने का उनका भावुक कदम हृदय को छू लेने वाला ऐसा क्षण था, जिसने करोड़ों भारतीयों के हृदय में अपनी जगह बना ली।

चुनाव में विजय का कभी भी कोई एक कारण नहीं होता; यह कई कारकों से जुड़ी एक जटिल प्रक्रिया है। भाजपा का ज़मीनी स्तर पर मज़बूत संगठन, अलग-अलग जातियों और समुदायों तक लगातार पहुँचने की रणनीति, अपनी गलतियों को शीघ्र पहचानना और तुरंत सुधार करने की इच्छाशक्ति - ये कुछ ऐसी मुख्य बातें हैं जिन्होंने विद्यमान भाजपा को चुनाव जीतने वाली एक ऐसी शक्ति बना दिया है, जिसे वर्तमान में रोक पाना दुष्कर लगता है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि श्री नरेन्द्र मोदी जी का चेहरा शायद भाजपा का सबसे मज़बूत ट्रंप कार्ड है। लोग उनमें एक ऐसा मज़बूत नेता देखते हैं, जो अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर आगे बढ़ा है, न कि कांग्रेस की तरह वंशवादी विरासत या परिवार-शासित क्षेत्रीय पार्टियों की मज़बूत पकड़ के कारण।

एक तरह से श्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के पर्याय बन गए हैं। मैं हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बारे में बंगाल के मित्रों के साथ हुई कुछ बातचीत का उल्लेख करना चाहूंगी। जहां मेरे अपने रिश्तेदार अभी भी कांग्रेस के कट्टर समर्थक हैं और बंगाल में कांग्रेस को मिले मामूली 2.9 प्रतिशत वोट शेयर में उनका भी योगदान था, वहीं मेरे अधिकतर दोस्तों और परिचितों ने भाजपा को वोट दिया था। चुनाव से पहले, मैं उनसे पूछती थी कि वे किस पार्टी को वोट देंगे। अधिकतर लोगों का उत्तर यही होता था कि वे 'मोदी' को वोट देंगे। मैं उन्हें याद दिलाती थी कि यह विधानसभा चुनाव है और मोदी जी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनका उत्तर हमेशा यही होता था-'ओई एक-ई व्यापार'-यानी 'बात एक ही है'।

श्री नरेन्द्र मोदी जी न केवल देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री हैं, बल्कि शायद स्वतंत्रता के बाद देश ने जितने भी प्रधानमंत्री देखे हैं, उनमें से वे सबसे मज़बूत नेताओं में से एक हैं। वे गठबंधन सरकारों, जो अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए दूसरों पर निर्भर रहती हैं, के उन व्यावधानों (अक्सर ब्लैकमेल करने वाले तरीकों) का शिकार हुए बिना एक मज़बूत और स्थिर सरकार देने में सफल रहे हैं। कोई उनकी कई नीतियों या काम करने के तरीके से असहमत हो सकता है और लोकतंत्र में ऐसा होना बिल्कुल सामान्य बात है; लेकिन कोई भी उनके करिश्मे और 'आकांक्षी भारत' के लिए प्रेरणा के तौर पर भारतीय मतदाताओं के साथ उनके जुड़ाव को नकार नहीं सकता। यह बात 2019 और फिर 2024 में भी स्पष्ट रूप से दिखी। आप श्री नरेन्द्र मोदी को पसंद करें या नापसंद, लेकिन आप 'ब्रांड मोदी' की अनदेखी नहीं कर सकते। बड़ी ताक़त के साथ बड़ी ज़िम्मेदारी भी आती है। एक आम नागरिक के रूप में, मैं प्रार्थना करती हूँ कि वे लोगों से प्राप्त भारी जनादेश के साथ पूरा न्याय करें और हमारे देश को और भी ऊंचाइयों तक ले जाएँ।

(लेखिका एक स्तम्भकार हैं और 'प्रणब माय फादर: अ डॉटर रिमेंबर्स' पुस्तक की लेखिका हैं। वह वर्तमान में 'प्रणब मुखर्जी लिगेसी फाउंडेशन' की संचालक हैं।)

## विदेश

# वेनेजुएला में भूकंप से 188 लोगों की मौत, 200 से ज्यादा लोग मलबे में फंसे

**कराकस :** वेनेजुएला में शक्तिशाली भूकंप के कारण जान गंवाने वालों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 188 हो गई है जबकि 200 से ज्यादा लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। इसके अलावा 1,500 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। इस बीच राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक बुधवार शाम आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंप से प्रांतों में भारी नुकसान हुआ और कई इमारतें ढह गईं। बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे हैं और आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। ये भूकंप एक सदी से भी अधिक समय में वेनेजुएला में आए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से हैं। अधिकारियों के अनुसार, भूकंप के बाद देशभर में हजारों लोग लापता हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी काराकस के उत्तर में स्थित ला गुएरा के तटीय इलाके में जानमाल का सबसे ज्यादा नुकसान दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से देश का प्रमुख हवाईअड्डा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण विमानों का परिचालन रोकना पड़ा। उन्होंने बताया कि भूकंप का असर पड़ोसी देशों तक महसूस किया गया और काराकस से लगभग 1,700 किलोमीटर दूर ब्राजील के अमेजन क्षेत्र में भी कई इमारतों को खाली कराया गया। बृहस्पतिवार को टेलीविजन पर दिखाए गए दृश्यों में बचावकर्मी विभिन्न उपकरणों की मदद से मलबे के ढेर के बीच रास्ता बनाते हुए दिखे, जहां कभी इमारतें हुआ करती थीं। राजधानी काराकस में घबराए हुए लोग सड़कों पर निकल आए और भूकंप के बाद कई लोग मलबे के बीच लापता लोगों को ढूंढते दिखे। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि भूकंप में कम से कम 188 लोगों की मौत हो गई और 1,500 से अधिक लोग घायल हो गए। रॉड्रिगेज ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए आपातकाल की घोषणा की और कहा कि कई क्षेत्रों में इमारतें ढह गई हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी काराकस के उत्तर में स्थित ला गुएरा क्षेत्र भूकंप से सबसे अधिक प्रभावित है, जिसे आपदा क्षेत्र घोषित किया गया है। रॉड्रिगेज ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा की वजह से दर्जनों इमारतें ढह गई हैं और बचाव अभियान तेज कर दिया गया है।



# बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने कार्यभार संभाला, यात्रा वीजा बहाली की घोषणा की



**ढाका :** बांग्लादेश में नियुक्त भारत के नये उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने बृहस्पतिवार को कार्यभार संभालने के बाद बांग्लादेशी नागरिकों के लिए यात्रा वीजा सेवा फिर से शुरू करने की घोषणा की। एक दिन पहले, नयी दिल्ली में गृह मंत्रालय ने एक आधिकारिक ज्ञापन जारी करके त्रिवेदी को रस्मी कार्यक्रमों के लिए केंद्रीय मंत्री का दर्जा दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता त्रिवेदी (76) ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन को अपना परिचय-पत्र सौंपा। इसके साथ ही राजनयिक के तौर पर उनकी जिम्मेदारी की शुरुआत हो गई। बंगभवन (राष्ट्रपति भवन) के एक प्रवक्ता ने कहा, ''भारत के नये उच्चायुक्त ने माननीय राष्ट्रपति को अपना परिचय-पत्र सौंपा है और ढाका में अपना राजनयिक कामकाज शुरू कर दिया है।'' प्रवक्ता ने बताया कि त्रिवेदी के अपना परिचय पत्र सौंपने से पहले, 'प्रेसिडेंट गार्ड रेजिमेंट' की एक टुकड़ी ने उन्हें सलामी गारद दिया। इस समारोह के कुछ ही समय बाद, त्रिवेदी राजधानी ढाका स्थित भारतीय वीजा केंद्र में पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए, जहां उन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों के लिए यात्रा वीजा सेवा फिर से शुरू करने की घोषणा की।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 जून, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ (शुद्ध) शुक्लपक्ष द्वादशी, 22:23 तक, नक्षत्र : विशाखा, 19:10 तक, योग : सिद्ध, 11:31 तक, सूर्योदय: 04:54, सूर्यास्त: 18:24, चन्द्र-ोदय : 16:07, चन्द्रास्त: 02:20, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 10:36 से 12:16

## राशिफल

**मेष :** आज ग्रहों की चाल यह संकेत दे रही है कि आपके जीवन में सुख, समृद्धि और आर्थिक उन्नति के नए द्वार खुल सकते हैं। आज सतर्कता ही सफलता की कुंजी बनेगी।

**वृष :** आज का दिन आपको समाज में सम्मान और पहचान दिलाने वाला साबित हो सकता है। आपकी समझ और आपके द्वारा किए गए कार्य लोगों की नजरों में आपकी प्रतिष्ठा को और मजबूत करेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपको जीवन में संतुलन की महत्ता का एहसास कराएगा। आय और व्यय के बीच सही तालमेल बनाकर चलना आपके लिए अत्यंत आवश्यक रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपको सफलता और सावधानी दोनों का संदेश दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कोई उपलब्धि आपके आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकती है।

**सिंह :** आज ग्रह आपको धैर्य और संयम का पाठ पढ़ाने वाले हैं। पारिवारिक जीवन में कुछ उतार-चढ़ाव मन को बेचैन कर सकते हैं, लेकिन याद रखें कि हर परिस्थिति स्थायी नहीं होती।

**कन्या :** आज सितारे आपको जोखिम लेने से बचने की सलाह दे रहे हैं। किसी भी ऐसे कार्य में हाथ न डालें जिसमें अनिश्चितता अधिक हो। अनजान व्यक्ति पर आँख मूँदकर भरोसा करना उचित नहीं होगा।

**तुला :** आज सफलता आपके साथ कदम मिलाकर चलना चाहती है, बस आपको योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना होगा। रियल एस्टेट या संपत्ति से जुड़े लोगों के लिए दिन लाभदायक दिखाई दे रहा है।

**वृश्चिक :** आज कुछ लोग आपकी प्रगति से असहज महसूस कर सकते हैं और आपके मार्ग में बाधाएँ डालने का प्रयास कर सकते हैं, लेकिन आपकी समझदारी और आत्मबल आपको विजयी बनाए रखेंगे।

**धनु :** आज आपकी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी शक्ति साबित होगी। आपके मधुर शब्द और विनम्र व्यवहार लोगों का दिल जीत सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नए अवसर दस्तक दे सकते हैं।

**मकर :** व्यापार से जुड़े जातकों के लिए आज का दिन कई अच्छे अवसर लेकर आ सकता है। आपके कार्यों की सराहना होगी और आपकी पहचान मजबूत होगी।

**कुम्भ :** अआज आपके भीतर ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का अद्भुत संचार रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और कार्यकुशलता लोगों को प्रभावित करेगी और प्रशंसा दिलाएगी।

**मीन :** आज का दिन खुशियों और शुभ समाचारों की सौगात लेकर आ सकता है। सुबह से ही ऐसी घटनाएँ घट सकती हैं जो आपके मन को प्रसन्नता से भर दें।

## वर्ग पहेली नं. 3480

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | 6 | 7 | | 8 | | ■ | | ■ |
| 9 | 10 | ■ | | ■ | | ■ | 11 | | |
| 12 | | ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | | | ■ | ■ | 19 |
| ■ | 20 | | | | ■ | 21 | | | |
| 22 | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| 23 | | | 24 | ■ | 25 | | 26 | 27 | ■ |
| | ■ | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | |

*बायें से दायें :-* 1) विचित्र, 4) अनुचित, 6) रुग्णसेविका, 9) जिस वक्त, 11) झक्की, 12) हाथ का पंजा, 13) इस कारण से; बाद में, 15) बारीक़ पिसा, 16) शक्ति, 18) आरोग्यलाभ; छुटकारा, 20) जुगत, 21) भिखारी, 23) विवशतः, 25) सैन्य, 28) अंदर का, 29) आँख.

*ऊपर से नीचे :-* 1) शासनहीनता, 2) जनक, 3) काँच की गोली, 4) थाना; पहारा चौकी, 5) निःसंदेह, 7) घूस, 8) नाता, 10) समृद्धि, 11) सच, 14) समान, 15) मतांतर, 17) सिलसिला; क्रम, 19) कोयले का दहकता रूप, 22) एक महाराष्ट्रीय प्रमुख शहर, 24) सब ही, 25) अप्सरा, 26) एक भारमाप एकक, 27) दुर्जन; अधम.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शु | रु | आ | त | ■ | अ | ■ | स | मो | सा |
| क्रि | ■ | धा | र | ■ | जी | ■ | ल | ■ | ढ़े |
| या | क | ■ | ज | वा | ब | स | वा | ल | ■ |
| ■ | क | मी | ना | ■ | ■ | म | र | ह | म |
| बाँ | ह | ■ | ■ | भ | द | त | ■ | ल | म्म |
| ■ | रा | ज | ■ | ट | ■ | ल | म | हा | ■ |
| बाँ | ■ | ग | त | का | ल | ■ | ज | ना | ना |
| सु | ग | म | ■ | ■ | क | रा | ह | ■ | दा |
| री | ■ | ग | ड़ | ब | ड़ी | ■ | बी | मा | री |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3439

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | 7 | |
| | 7 | | | | | 3 | 2 | |
| | 1 | | 8 | | | 4 | | 5 |
| | | | 1 | | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | | 1 | 6 | 2 | | | 5 | 4 |
| | | 4 | 9 | | | | | |
| 5 | | | | | 9 | | 4 | 7 |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| 2 | 3 | 9 | | | | 5 | | 1 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3438 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 7 | 3 | 4 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# राज्य सरकार जारी करेगी विभागवार श्वेत पत्र

❑ टीएमसी शासनकाल की अनियमितताओं का होगा खुलासा

❑ सरकार कैग रिपोर्ट को भी करेगी सार्वजनिक

**कोलकाता, समाज्ञा :** शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई वाली राज्य की नई भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई कथित अनियमितताओं, अधूरी परियोजनाओं और वित्तीय कुप्रबंधन को जनता के सामने लाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। राज्य के वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने गुरुवार को विधानसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार अब हर विभाग के लिए अगले तीन महीने में अलग-अलग श्वेत पत्र जारी करेगी। इन दस्तावेजों में बताया जाएगा कि पिछली सरकार के दौरान किन कारणों से राज्य पर भारी कर्ज का बोझ बढ़ा और कई विकास परियोजनाएं अधूरी रह गईं। दासगुप्ता ने कहा कि वित्त विभाग यह स्पष्ट करेगा कि किस तरह वित्तीय



कुप्रबंधन के कारण राज्य पर भारी कर्ज चढ़ा। वहीं, अन्य विभाग बताएंगे कि कई परियोजनाओं में देरी क्यों हुई और प्रशासनिक स्तर पर किन कारणों से समस्याएं पैदा हुईं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की रिपोर्ट को भी सार्वजनिक करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के दौरान इन रिपोर्टों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया और कई वर्षों की रिपोर्ट विधानसभा में पेश नहीं किया गया। विधानसभा में बजट फर चर्चा के दौरान कई विधायकों ने भूमि आवंटन, आर्द्रभूमि प्रबंधन और विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में कथित गड़बड़ियों का मुद्दा उठाया था। सरकार का कहना है कि प्रस्तावित श्वेत पत्रों का उद्देश्य जिम्मेदारी तय करना, जनता को राज्य की वास्तविक आर्थिक स्थिति से अवगत कराना और मौजूदा सरकार को विरासत में मिली प्रशासनिक चुनौतियों की स्पष्ट तस्वीर सामने रखना है।

## तारातला हादसे से सबक, राज्य में विशेष आपदा प्रबंधन बल का होगा गठन

तारातला में गोदाम की छत गिरने से हुए भीषण हादसे के बाद भाजपा सरकार ने इससे सबक लेते हुए बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार अब किसी भी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू करने के लिए एक विशेष आपदा प्रबंधन बल का गठन करेगी। राज्य के वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने गुरुवार को विधानसभा में इसकी घोषणा की। विधानसभा में बजट पर दो दिनों की चर्चा के बाद जवाबी भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि तारातला जैसी घटनाओं से निपटने के लिए राज्य में 200 सदस्यीय विशेष आपदा प्रबंधन बल का गठन किया जाएगा। इस बल में शामिल सभी कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तेजी से कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि तत्काल बचाव व राहत कार्यों के लिए इसमें से उत्तर बंगाल के पहाड़ी इलाकों में 50 सदस्यीय टीम जबकि सुंदरबन क्षेत्र में 50 सदस्यीय टीम तैनात की जाएगी। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न हिस्सों में 100 सदस्यीय आपदा प्रबंधन टीमें सक्रिय रहेंगी। राज्य सरकार का कहना है कि इस नई व्यवस्था का उद्देश्य भविष्य में किसी भी बड़े हादसे या प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत कार्यों में देरी को रोकना और लोगों की जान बचाने के लिए तेज़ एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

## राज्य सहायता प्राप्त कॉलेज शिक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी

राज्य सहायता प्राप्त कॉलेजों के शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। विधानसभा में वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने वेतन वृद्धि की घोषणा करते हुए शिक्षकों के मासिक वेतन में 2000 रुपये की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इस फैसले से राज्य के हजारों शिक्षकों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। सिर्फ कॉलेज शिक्षकों ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक (वोकेशनल) शिक्षकों के वेतन में भी समान रूप से 2000 रुपये प्रति माह की वृद्धि की गई है। विधानसभा में वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि इस बार जिन कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि नहीं हो पाई है, उनकी मांगों को पूरी तरह से अनुचित नहीं माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी मार्च में इन सभी मामलों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और उचित निर्णय लिया जा सकता है।

## कृष्ण गुप्त नए राज्य चुनाव आयुक्त नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में आगामी नगर निकाय चुनावों की सुगबुगाहट के बीच राज्य सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। नवान्न (राज्य सचिवालय) ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कृष्ण गुप्त को राज्य चुनाव आयोग का नया आयुक्त नियुक्त किया है। बता दें कि कृष्ण गुप्त इससे पहले अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पूर्ववर्ती सरकार के चहेते नौकरशाह रहे राजीव सिन्हा का कार्यकाल पिछले साल के मध्य में समाप्त होने के बाद से यह महत्वपूर्ण पद करीब एक साल से खाली पड़ा था, जिसे अब शुभेंदु अधिकारी की सरकार ने भर दिया है।

**पूर्व रेलवे**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए रेलवे के ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों और साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. एवं कार्य का नाम: ईएनजीजी-आरडब्ल्यूएच-जीडब्ल्यू-25-26-एलएलएच** और एलएलएच-लिलुआ वर्कशॉप और कॉलोनी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 1,28,83,327.03, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य । **बोली प्रतिभूति राशि:** रु. 2,57,700/-, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 16.07.2026 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के साथ उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-85/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सं. 70250029ए, दिनांक :23.06.2026।** "डब्ल्यूएजी-9एच क्लास के फ्रेट इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए इंटीग्रेटेड लोकोमोटिव किट" के क्रय हेतु टी/केस सं. 70250029ए के लिए निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया गया है अर्थात आइटम के विवरण में परिवर्तन और निविदा की अंतिम तिथि का पुनर्निर्धारण निम्नानुसार है: **क्रम सं.; विवरण; पहले उल्लिखित; अब संशोधन के साथ पढ़ा जाएगा: |01|; आइटम के विवरण के तहत आइटम का विवरण (एनआईटी के क्रम सं. 2 के तहत) (पीएल नं. 29010330);** मौजूदा; आरडीएसओ स्पेसि. नं. आरडीएसओ/2017/ ईएल/एसपीईसी/0127, रिव.2 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एच क्लास के फ्रेट इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए इंटीग्रेटेड लोकोमोटिव किट। उपर्युक्त विवरण के अलावा, इंटीग्रेटेड लोकोमोटिव किट को शेड्यूल ऑफ़ रिक्वायरमेंट (एसओआर) में उल्लिखित आवश्यकता का भी पालन करना होगा; निविदा कागजातों के साथ इसकी प्रति संलग्न है। 35 (पैंतीस) वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव **दिनांक 03/06/2026 को जारी किए गए डॉक. नं. सी-डी एंड डी/टी/24/एलटीएमए, रिव-3 के तहत** एलटीएमए के अनुसार होगा। **|02|; निविदा की अंतिम तिथि;** 25/06/2026 को 11:00 बजे; **06/08/2026 को 11:00 बजे।**

एएमएम/मुख्यालय-II/ सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन

PR6/398

हमें यहाँ देखें: www.facebook.com/clwrailways

# ढहे गोदाम में काम करने वाले मजूदरों का रिकॉर्ड नहीं, बचाव अभियान में आ रही मुश्किल : कोलकाता पुलिस



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के तारातला इलाके में बुधवार को ढहे निमर्णाधीन गोदाम में काम करने वाले मजदूरों की उपस्थिति का कोई रजिस्टर या रिकॉर्ड नहीं है जिसकी वजह से यह आकलन करने में मुश्किल आ रही है कि वास्तव में कितने मजूदर अब भी मलबे में दबे हो सकते हैं। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में नामजद पांच लोगों में शामिल मुख्य ठेकेदार का शव मलबे से बरामद कर लिया गया है।

इस दिन, शहर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) कुणाल अग्रवाल ने कोलकाता पुलिस मुख्यालय 'लालबाजार' में संवादाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन गोदाम के ढहने के 24 घंटे बाद भी बचाव कार्य जारी है, लेकिन घटनास्थल पर दस्तावेज़ों की कमी एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर काम करने वाले मजदूरों का रिकॉर्ड रखने के लिए कोई उपस्थिति रजिस्टर या प्रणाली नहीं थी। इस वजह से, हम यह पता नहीं लगा पा रहे हैं कि ढांचा गिरने के समय कितने मजदूर वहां मौजूद थे या क्या कोई मलबे के नीचे फंसा हुआ है। कुणाल अग्रवाल ने कहा कि जब तक पूरा ढांचा हटा नहीं दिया जाता, तब तक यह निश्चित तौर पर नहीं कह सकते हैं कि कुछ और लोग नीचे फंसे हुए हैं या नहीं। मजदूरों की आपूर्ति करने वाले ने महज अंदाजा लगाया है कि वहां 20-30 लोग मौजूद थे, लेकिन उसके पास कोई निश्चित संख्या नहीं है। उन्होंने कहा कि उपस्थिति पंजी या मजदूरों के रिकॉर्ड न होने की वजह से इस मामले की जांच कर रही एसआईटी के लिए काम और भी मुश्किल हो गया है। अग्रवाल ने बताया कि इनमें से मुख्य ठेकेदार अजगर हुसैन का शव गुरुनवार की सुबह घटनास्थल से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी में नामजद बाकी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें अयान ट्रेडर्स के बिल्डिंग सुपरवाइजर सैयद मोहम्मद गुलज़ार भी शामिल हैं। यह कंपनी गोदाम की छत बनाने का काम कर रही थी। अग्रवाल ने कहा कि हमने 'बेहेरा ब्रदर्स' के मालिक शंभूनाथ बेहेरा को भी गिरफ्तार किया है। इसी कंपनी ने कोलकाता बंदरगाह प्राधिकरण से जमीन पट्टे पर ली थी और वहां गोदाम बना रही थी। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में कमल सामंत शामिल हैं, जो लोहे का ढांचा तैयार करने के लिए जिम्मेदार थे। इनके अलावा, मजदूरों की आपूर्ति करने वाले दिवाकर भंडारी और कोलाकाता नगर निगम से योजना को मंजूरी दिलाने में बिचौलिया की भूमिका निभाने वाले अब्दुल हामिद को भी नामजद किया है। पुलिस अधिकारी ने स्पष्ट किया कि बुधवार की रात पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए तीन लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया था। अग्रवाल ने कहा कि जांच के तहत इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अन्वेषण विभाग इस मामले की जांच कर रहा है और इसके लिए एक एसआईटी बनाई गई है। एसआईटी ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है। उन लोगों की एक सूची तैयार की गई है जिनसे इस मामले में पूछताछ की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि इस मामले से जुड़े पांच लोगों में से दो का आपराधिक रिकॉर्ड है। सैयद मोहम्मद गुलज़ार का आपराधिक इतिहास रहा है और 2018 में इकबालपुर पुलिस थाना में दर्ज एक मामले में उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी में अज़गर हुसैन का नाम है, लेकिन दुर्भाग्य से उसका नाम मरने वालों की सूची में भी है। उस पर पहले दो क्रमश: 2013 और 2018 के रंगदारी के मामलों में आरोप पत्र किया गया था।

## तारातला हादसा : रात डेढ़ बजे दोस्त को फोन कर कहा... 'मुझे बचाओ'

❑ **14 घंटे मलबे में दबा रहा मजदूर, मोबाइल लोकेशन से बचाया गया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तारातला में निर्माणाधीन व्यावसायिक भवन ढहने की त्रासदी के बीच एक चमत्कारिक बचाव की कहानी सामने आई है। मलबे के नीचे 14 घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने के बावजूद एक श्रमिक ने सूझबूझ दिखाते हुए अपने दोस्त को फोन किया और आखिरकार उसी मोबाइल की लोकेशन के आधार पर बचाव कर्मियों ने उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बुधवार की दोपहर करीब 12.07 बजे तारातला में निर्माणाधीन भवन अचानक भरभराकर ढह गया था। हादसे के बाद बड़ी संख्या में श्रमिक मलबे के नीचे दब गए। पुलिस, दमकल, एनडीआरएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया, जो पूरी रात जारी रहा। इसी दौरान, मलबे में दबे बिहार के मुंगेर निवासी श्रमिक मनु कुमार ने बुधवार की देर रात करीब 1.30 बजे अपने मित्र संतोष कुमार को फोन किया। परिजनों और दोस्तों को उस समय तक मनु के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी थी। फोन उठाते ही संतोष को एहसास हुआ कि मनु मलबे के नीचे फंसा हुआ है। मनु अधिक बात करने की स्थिति में नहीं था। उसने केवल इतना कहा कि मुझे बचाओ। संतोष ने मनु से मोबाइल लोकेशन भेजने को कहा, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सका। इसके बाद, संतोष और उसका एक अन्य मित्र विभूति तुरंत घटनास्थल पहुंचे और पूरी जानकारी बचाव दल को दी। बचाव कर्मियों ने मनु के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक कर उसकी तलाश शुरू की। कई घंटे तक चले अभियान के बाद गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे मनु कुमार को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

**Change of Name**

I, Ashok Kumar Agarwal, son of late Mahabir Agarwal and father of Sekhar Agarwal, residing at 37, Bhagwan Ganguly Lane, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that Ashok Agarwal and Ashok Kumar Agarwal is the same and one identical person via affidavit no 8390 in the Court of Ld 1st Class executive Magistrate at Howrah dated 19th June 2026.

**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

**Offline Short Notice Inviting Tender No -36/ City (E) of 2026-27** from bonafied and resourceful contractors having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be **on 26.06.2026 up to 10.00 hrs.** Other details may be seen from the web site: **www.pwdwb.in**

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता के दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष (ब्लू लाइन) तक 26 मेट्रो स्टेशनों के लिए 20000 लीटर के अंडरग्राउंड टैंक एवं इसके कनेक्शन का निर्माण और संबंधित कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.1,98,85,880.12, **बयाना राशि:** रु. 3,97,700/-, **समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि और समय:** 21.07.2026 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : सिविल-2564-2026-रिकॉल (खुली)

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

डॉयमण्ड क्रॉसिंग सं. 217ए/218बी तथा 208बी/207ए के एक साथ रूपांतरण के लिए, हावड़ा मंडल के तहत बैण्डेल स्टेशन सीमा में अप कटवा लाइन पर **दिनांक 28.06.2026 (रविवार)** को **6 के लिए (11.20 बजे से 17.20 बजे तक) ट्रैफिक ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, ट्रेनों के संचालन के लिए निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं:-

• **ट्रेनों का निरस्तीकरण (दिनांक 28.06.2026 को) : कटवा-बैण्डेल : डाउन** - 37746, 37748, 37750 एवं **अप** - 37749, 37751, 37753. **हावड़ा-कटवा : अप** - 37917 एवं **डाउन** - 37922. **बैण्डेल-नैहाटी : डाउन** - 37542 एवं **अप** - 37541. **मेमारी-हावड़ा : डाउन** - 37656 एवं **अप** - 37655. **पाण्डुआ-हावड़ा : डाउन** - 37614 एवं **अप** - 37611.

• **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण (दिनांक 28.06.2026 को) : (1) 53001** हावड़ा-आजिमगंज पैसेंजर 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात् हावड़ा से 16.05 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **16.35 बजे** रवाना होगी। **(2) 37924** कटवा-हावड़ा लोकल 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात् कटवा से 14.45 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **15.15 बजे** रवाना होगी।

**विशेष टिप्पणी** : ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल अथवा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें एवं बाद में चलाई जाने वाली नई ट्रेनें/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी/नियंत्रित की जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**पूर्वनिविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/766, दिनांक: 24.06.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम संख्या 1, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3467-आर, काम का नाम** : "एडीईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस 36, 40, 38 आदि में दोनों सिरों पर दोनों अप्रोचों की रूफ कवरिंग व्यवस्था, वाटर स्टोरेज रिजर्वायर के साथ संप, ड्रेनेज व्यवस्था द्वारा मौजूदा एलएचएस के उन्नयन के साथ सुधार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 26,32,028/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 52,700/-, **क्रम संख्या 2, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3634, काम का नाम** : हावड़ा मंडल के तहत पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशन के 100 स्थानों/स्टेशनों/केबिनों में एयर-कंडीशनिंग का प्रावधान। **टेंडर का मूल्य :** रु. 3,83,21,422/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 7,66,400/-, **क्रम संख्या 3, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3509-आर1, काम का नाम** : "बैण्डेल डिपो में बीसीएन प्रीमियम रेक निरीक्षण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 63,61,040/- **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 1,27,200/-, **क्रम संख्या 4, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3631, काम का नाम** : "(1) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 8/1 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, (2) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 5/2 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, (3) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 6/3 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, (4) एईएन/नबद्वीपधाम के अंतर्गत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नंबर 11ए/1 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य, **टेंडर का मूल्य :** रु. 37,02,456/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 74,100/-, **क्रम संख्या 5, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3632, काम का नाम** : "हावड़ा मंडल के अंतर्गत मसाग्राम, पल्लारोड, शक्तिगढ़, गंगपुर, तालित, खाना, कर्जना, बलगोना, डानकुनी, जनाई रोड, बारुईपाड़ा, कामारकुंडु, चंदनपुर, बेलमुड़ि, शिबाईचण्डी, गुड़ाप, जौग्राम, बेगमपुर, गुसकरा, प्रान्तिक, अहमदपुर और मल्लारपुर स्टेशनों पर प्रतीक्षालय और शौचालय परिसर एवं सर्कुलेटिंग एरिया का सुधार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य :** रु. 1,44,60,990/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 2,89,200/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 10.07.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1, 2, एवं 3 हेतु) और दिनांक 14.07.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 4 एवं 5 हेतु)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-172/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बजट के बाद मुख्यमंत्री की सख्ती, तीन माह की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश

**कोलकाता :** राज्य विधानसभा में बजट पेश होने के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है। गुरुवार को नवान्न में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की और आगामी तीन महीनों की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने जुलाई, अगस्त और सितंबर माह के लिए विभागवार योजनाओं का खाका तैयार करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि केवल योजना बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। नवान्न सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने सचिवों से कहा कि जो भी योजनाएं बनाई जाएं, उन्हें धरातल पर उतारने की पूरी तैयारी होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योजनाएं कागजों तक सीमित न रहें और उनका लाभ आम लोगों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आगामी 2 जुलाई तक तीन माह की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसी दिन सभी विभागों के सचिवों के साथ एक और समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें योजनाओं की रूपरेखा और उनके कार्यान्वयन की रणनीति पर चर्चा होगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जवाबदेही के साथ काम करने और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार का उद्देश्य बजट में घोषित योजनाओं को शीघ्रता से लागू कर विकास कार्यों को गति देना है।

## कोलकाता में निर्माणाधीन इमारत की स्वस्थ्य जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित

❑ सात दिनों में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम ने तारातला के खतरनाक निर्माण की अनुमति दी थी। शुरू में, डिज़ाइन में कमियों की वजह से इतनी बड़ी आपदा आई है। उस घटना से सीखते हुए, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता में बन रही हर बिल्डिंग का स्वस्थ्य जांच करने का फ़ैसला किया है। इसके मुताबिक, नवान्न ने 11 सदस्यों की एक कमेटी बनाई है। उस कमेटी के सदस्य अगले 7 दिनों में स्वस्थ्य जांच रिपोर्ट जमा करेंगे। कमेटी में शहरी विकास मंत्रालय के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी खलील अहमद, डिजास्टर मैनेजमेंट विभाग के राजेश कुमार सिन्हा, कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंदा, कोलकाता नगर निगम की प्रशासक स्मिता पांडे, श्रम विभाग की रचना भगत, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के इंजीनियर इन चीफ, कोलकाता नगर निगम के डीजी बिल्डिंग, फायर डिपार्टमेंट के प्रतिनिधि, राईट्स के प्रतिनिधि, आईआरसीओएन के प्रतिनिधि और आईआईटी खड़गपुर के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कमेटी के सदस्य मौके पर जाएंगे। वे वहां जाकर डिजाइन से लेकर सारी जानकारी चेक करेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो कमेटी के सदस्य संबंधित अधिकारियों से जानकारी इकट्ठा कर सकते हैं। कमेटी के सदस्य ऑडिट करेंगे ताकि किसी भी अंडर-कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के गिरने से किसी और की मौत न हो। स्वस्थ्य जांच के बाद, वे अगले सात दिनों में राज्य सरकार को रिपोर्ट देंगे। इस प्रक्रिया के दौरान, निर्माण का काम फिलहाल रोक दिया जाएगा। अगर स्वस्थ्य जांच पास हो जाता है, तो एक अगस्त से निर्माण का काम फिर से शुरू हो जाएगा।

**सियालदह मंडल में ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

पॉइंट नंबर 103बी/104ए और 101ए/110बी के पूर्ण रूपांतरण के लिए, बालीगंज स्टेशन लिमिट में डाउन पैसेंजर लाइन पर **दिनांक 27.06.2026 (शनिवार) को 22.15 बजे से दिनांक 28.06.2026 (रविवार) को 04.45 बजे तक 6 घंटे 30 मिनट** के लिए **ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: ● **ट्रेनों का निरस्तीकरण [दिनांक 27.06.2026 (शनिवार)] : (1) सियालदह – लक्ष्मीकांतपुर:** 34752 डाउन, 34754 डाउन / 34755 अप, 34757 अप। **(2) सियालदह – कैनिंग:** 34554 डाउन / 34555 अप। **(3) सियालदह – डायमंड हार्बर:** 34858 डाउन, 34860 डाउन / 34857 अप, 34859 अप। **(4) सियालदह – कोमागाता मारु बजबज:** 34162 डाउन / 34161 अप। **(5) सियालदह – सोनारपुर:** 34436 डाउन। ● **ट्रेनों का निरस्तीकरण [दिनांक 28.06.2026 (रविवार)] : सियालदह – सोनारपुर:** 34412 डाउन / 34411 अप। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू : (1)** दिनांक 27.06.2026 (शनिवार) को, **34753 अप** लक्ष्मीकांतपुर – सियालदह लोकल सोनारपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(2)** दिनांक 27.06.2026 (शनिवार) को, **34553 अप** कैनिंग – सियालदह लोकल सोनारपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **34550 डाउन** सियालदह – कैनिंग लोकल सोनारपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(3)** दिनांक 27.06.2026 (शनिवार) को, **34557 अप** कैनिंग – सियालदह लोकल सोनारपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **34552 डाउन** सियालदह – कैनिंग लोकल सोनारपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(4)** दिनांक 27.06.2026 (शनिवार) को, **34855 अप** डायमंड हार्बर – सियालदह लोकल सोनारपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **34856 डाउन** सियालदह – डायमंड हार्बर लोकल सोनारपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(5)** दिनांक 27.06.2026 (शनिवार) को, **34159 अप** कोमागाता मारु बजबज – सियालदह लोकल न्यू अलीपुर (कोलकाता) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **34164 डाउन** सियालदह – कोमागाता मारु बजबज लोकल न्यू अलीपुर (कोलकाता) से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(6)** दिनांक 27.06.2026 (शनिवार) को, **34163 अप** कोमागाता मारु बजबज – सियालदह लोकल न्यू अलीपुर (कोलकाता) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(7)** दिनांक 28.06.2026 (रविवार) को, **34711 अप** लक्ष्मीकांतपुर – सियालदह लोकल सोनारपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **34712 डाउन** सियालदह – लक्ष्मीकांतपुर लोकल सोनारपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(8)** दिनांक 28.06.2026 (रविवार) को, **34811 अप** डायमंड हार्बर – सियालदह लोकल सोनारपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **34812 डाउन** सियालदह – डायमंड हार्बर लोकल सोनारपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(9)** दिनांक 28.06.2026 (रविवार) को, **34112 डाउन** सियालदह – कोमागाता मारु बजबज लोकल न्यू अलीपुर (कोलकाता) से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और **34111 अप** कोमागाता मारु बजबज – सियालदह लोकल न्यू अलीपुर (कोलकाता) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(10)** दिनांक 28.06.2026 (रविवार) को, **34114 डाउन** सियालदह – कोमागाता मारु बजबज लोकल न्यू अलीपुर (कोलकाता) से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **टिप्पणी:** संबंधित खंडों में ब्लॉक से पहले चलने वाली अंतिम ट्रेनें मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी। ● **ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन:** 34750 डाउन और 34553 अप। ● **ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन:** 34511 अप और 34814 डाउन। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन सेवा में विलंब हो सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026**

**रेल यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण विज्ञप्ति**

भारत के राजपत्र में दिनांक 08.04.2026 को प्रकाशित **जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026** के जरिए रेलवे अधिनियम, 1989 के कुछ प्रावधानों में संशोधन किए गए हैं। केन्द्रीय सरकार दिनांक 19.06.2026 की अपनी राजपत्र अधिसूचना के मार्फत यह सूचित करती है कि **रेल अधिनियम, 1989** के संबंधित संशोधनों को कार्यान्वित किया गया है।

**महत्वपूर्ण विशेषताएं**

| रेल अधिनियम, 1989 की धारा | विषय | पूर्ववर्ती प्रावधान | संशोधित प्रावधान |
|---|---|---|---|
| 137 | उपयुक्त पास/टिकट के बगैर धोखाधड़ीपूर्ण यात्रा | किराया + अतिरिक्त शुल्क न्यूनतम रु. 250 | किराया + अतिरिक्त शुल्क (न्यूनतम रु. 500) |
| 138 | उपयुक्त पास/टिकट के बगैर यात्रा (अतिरिक्त शुल्क का प्रावधान) | न्यूनतम अतिरिक्त शुल्क रु. 250 | न्यूनतम अतिरिक्त शुल्क रु. 500 |
| 142 | हस्तांतरित टिकट पर यात्रा | 3 महीने तक कारावास + रु. 500 तक जुर्माना + टिकट जब्त करना | टिकट जब्त करना + किराया + अतिरिक्त शुल्क (न्यूनतम रु. 500) |
| 144 | भिक्षावृत्ति अथवा फेरी इत्यादि पर रोक | 1 वर्ष तक कारावास या रु. 2,000 तक जुर्माना या दोनों | रु. 2,000 का जुर्माना |
| 145 | नशा या उपद्रव करना | रेलवे परिसर से हटाना + टिकट जब्त करना + 6 महीने तक कारावास + रु. 500 तक जुर्माना | हटाना + टिकट जब्त करना + 24 घंटे तक का सामान्य कारावास या रु. 1000 तक जुर्माना अथवा दोनों अथवा समाज सेवा कार्य सहित |
| 155 | आरक्षित डिब्बे में प्रवेश | आरक्षित डिब्बे से हटाना तथा रु. 500 तक जुर्माना | रु. 2,000 का जुर्माना |
| 162 | महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बे में प्रवेश | पास या टिकट जब्त करना + रु. 500 तक जुर्माना + डिब्बे से हटाना | रु. 2,500 का जुर्माना + पास या टिकट जब्त करना + डिब्बे से हटाना |
| 167 | धूम्रपान | रु. 200/- का जुर्माना | रु. 2000 का जुर्माना + पास या टिकट जब्त करना + डिब्बे से हटाना |

यात्री अनुशासन को मजबूत, सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सर्वांगीण यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उक्त संशोधन।

मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस

नियमों का पालन करें • जुर्माना से बचें • जिम्मेदारी के साथ यात्रा करें

**पूर्व रेलवे**

# पश्चिम बंगाल में जनगणना कार्य की तैयारी शुरू, शिक्षकों को मिलेगी नई जिम्मेदारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी जनगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। एक अगस्त से राज्य में जनगणना संबंधी कार्य शुरू होने जा रहा है। इस बीच बूथ स्तरीय अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके शिक्षकों को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2027 की जनगणना के लिए ऐसे शिक्षकों को गणनाकर्ता के रूप में चिह्नित कर नियुक्त किया जाएगा।



सूत्रों के अनुसार, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के विभिन्न जिला विद्यालय निरीक्षकों को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि उनके अधीन कार्यरत जिन शिक्षकों ने पूर्व में बूथ स्तरीय अधिकारी के रूप में काम किया है, उन्हें जनगणना कार्य के लिए चयनित किया जाए।

इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि जनगणना देश की एक अत्यंत महत्वपूर्ण वैधानिक और राष्ट्रीय प्रक्रिया है। इसलिए संबंधित शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण, क्षेत्रीय सर्वेक्षण, आंकड़ों के संग्रहण, पर्यवेक्षण तथा जनगणना से जुड़े अन्य कार्यों के लिए बुलाया जा सकता है।

राज्य सरकार की ओर से जनगणना संबंधी दिशा-निर्देश पहले ही सभी जिलाधिकारियों को भेजे जा चुके हैं। इसके बाद विभिन्न जिलों में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। प्रशासन ने शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि जनगणना कार्य में लगाए जाने वाले शिक्षकों को आवश्यकता के अनुसार नियमित शैक्षणिक दायित्वों से अस्थायी रूप से मुक्त किया जाए।

साथ ही विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी निर्देश देने की बात कही गई है कि वे जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। प्रशासन का मानना है कि शिक्षकों की भागीदारी से जनगणना प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सकेगी।

## सात दिनों के भीतर छात्रों का विवरण जमा करने का निर्देश, गैर-अनुदानित मदरसों पर सरकार की कड़ी नजर

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के गैर-अनुदानित मदरसों की निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मदरसा शिक्षा निदेशालय ने एक आपात निर्देश जारी करते हुए सभी गैर-अनुदानित मदरसों को वर्ष 2026 के शैक्षणिक सत्र में अध्ययनरत छात्रों की नामांकन संबंधी पूरी जानकारी सात दिनों के भीतर जमा करने का आदेश दिया है। सरकार का उद्देश्य इन संस्थानों का एक समग्र और विश्वसनीय आंकड़ा तैयार करना है।

विकास भवन से जारी निर्देश में कहा गया है कि राज्य के अधिकांश गैर-अनुदानित मदरसों ने अब तक छात्रों के नामांकन संबंधी जानकारी राज्य के शिक्षा पोर्टल पर दर्ज नहीं कराई है। इसके कारण सरकार के पास इन संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या का कोई प्रामाणिक विवरण उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में अलीपुरद्वार, बांकुड़ा, बीरभूम, कूचबिहार, हुगली, हावड़ा, जलपाईगुड़ी, मालदा, मुर्शिदाबाद, नदिया, उत्तर चौबीस परगना, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व बर्दवान, पूर्व मेदिनीपुर, पुरुलिया, दक्षिण चौबीस परगना तथा उत्तर दिनाजपुर सहित कुल सत्रह जिलों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को युद्धस्तर पर काम करने का निर्देश दिया गया है।

जांच में यह भी सामने आया है कि बड़ी संख्या में मदरसों के पास अब तक विशिष्ट विद्यालय पहचान संख्या नहीं है। इस कारण वे सरकारी पोर्टल पर प्रवेश कर आवश्यक सूचनाएं अपलोड नहीं कर पा रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि जब तक सभी संस्थानों का पंजीकरण और पहचान संख्या सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक राज्यव्यापी आंकड़ा तैयार करना कठिन रहेगा।

सूत्रों के अनुसार राज्य में लगभग छह सौ अनुदानित मदरसे और एक हजार से अधिक गैर-अनुदानित मदरसे संचालित हैं। दोनों प्रकार के संस्थानों में लगभग समान शैक्षणिक व्यवस्था लागू है। हालांकि खारिजी मदरसों की शिक्षण पद्धति और गतिविधियों को लेकर समय-समय पर विभिन्न प्रश्न उठते रहे हैं, लेकिन इस विषय में राज्य सरकार ने अभी तक कोई स्पष्ट नीति या निर्णय सार्वजनिक नहीं किया है।

### डोमजूर में एनएच-116 किनारे अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, हटाई गई अवैध दुकानें

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर थाना क्षेत्र के अंकुरहाटी चेकपोस्ट के पास एनएच-116 हाईवे किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बुधवार को कार्रवाई की। सड़क किनारे बनी अवैध दुकानों को बुलडोजर चलाकर हटाया गया। प्रशासन के अनुसार, हाईवे के किनारे अवैध रूप से संचालित दुकानों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई थी। इसी को देखते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बुलडोजर की मदद से सड़क किनारे बनी अस्थायी दुकानों और अवैध संरचनाओं को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सामान्य करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

## हाई कोर्ट ने सुमित रॉय की अग्रिम जमानत याचिका की खारिज

❑ **कहा... 'जालसाजी व संगठित अपराध के पुख्ता सबूत, हिरासत में पूछताछ आवश्यक'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के फरार कार्यकारी सहायक सुमित रॉय की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। साथ ही, अदालत ने सुमित रॉय को 29 जून तक शपथपत्र के रूप में अपने बैंक खातों और वित्तीय लेनदेन का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अदालत ने राज्य पुलिस को भी इसी अवधि के भीतर रॉय के खिलाफ दर्ज मामले की विस्तृत रिपोर्ट और केस डायरी पेश करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान रॉय के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल तृणमूल कांग्रेस के महासचिव के कार्यालय में केवल एक कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने अदालत से कहा कि यदि पार्टी कार्यालय से भूमि बिक्री से जुड़े कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं तो उसके लिए मेरे मुवक्किल को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? वहीं, राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि पुलिस जांच में फर्जी मुहरें और स्टांप बरामद हुए हैं। सरकारी पक्ष ने यह भी दावा किया कि जांच के दौरान सुमित रॉय और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक सुजॉय हाजरा के बीच करीबी संबंधों के प्रमाण मिले हैं। सुजॉय हाजरा को इसी अवैध भूमि कब्जा मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सुमित रॉय की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

## मारवाड़ी कारोबारी कॉन्क्लेव - 2026 की सफलता से उत्साह

❑ **मारवाड़ी जहाँ, व्यापार वहाँ उद्घोष से गूंजा सभागार**

**कोलकाता :** मारवाड़ी बिजनेस एंड सोशल कम्युनिटी (एमबीएससी) द्वारा आयोजित मारवाड़ी कारोबारी कॉन्क्लेव - 2026 में कोलकाता, भुवनेश्वर एवं दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों से आए मारवाड़ी कारोबारियों, सदस्यों एवं अतिथियों सहित एमबीएससी के जेम गेस्ट्स के रूप में बी. एल. मित्तल, मनीष यादुका, रतनलाल अग्रवाल, राकेश सोमानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रायोजक सेलिब्रेशन तथा एसोसिएट स्पॉन्सर बी एम ए और अन्नपूर्णा का विशेष सहयोग रहा, जिनके योगदान से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सका। एमबीएससी के सदस्यों एवं अतिथियों ने आपसी सम्पर्क एवं व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से विचारों का आदान-



प्रदान किया। एमबीएससी की संस्थापक वंदना अग्रवाल एवं समिति सदस्यों ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था का एकमात्र उद्देश्य देशभर के मारवाड़ी कारोबारियों को एक मंच पर लाना तथा उनके व्यापार को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करना है। अजय बिनानी ने आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स के उपयोग एवं उनके व्यावसायिक महत्व पर अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक जानकारी प्रदान की। रोचक क्विज प्रतियोगिता ने सभी उपस्थितजनों का भरपूर मनोरंजन किया और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक इसमें हिस्सा लिया। धनंजय बंथिया ने व्यवसाय, नेटवर्किंग एवं धन सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थितजनों को प्रेरित किया। विवेक कानोड़िया ने जानकारी दी कि एमबीएससी के तीन चैप्टर सफलतापूर्वक प्रारंभ हो चुके हैं तथा शीघ्र ही भुवनेश्वर, रांची एवं दिल्ली में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्यों ने एक स्वर में मारवाड़ी जहाँ, व्यापार वहाँ का उद्घोष किया, तब पूरा सभागार उत्साह और ऊर्जा से गूंज उठा।

## मालदह में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में एनआईए ने कांग्रेस नेता को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मालदह जिले में अप्रैल में हुए एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) से जुड़े विरोध-प्रदर्शनों, हिंसा और न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामलों में एक मुख्य आरोपी सायेम चौधरी को गिरफ्तार किया है। इस केस में अभी तक 30 आरोपी एनआईए की गिरफ्त में आ चुके हैं। मोथाबाड़ी (मालदह) के स्थानीय राजनीतिक नेता सायेम चौधरी उर्फ बाबू चौधरी को एनआईए की टीम ने हिरासत में लेने से पहले कोलकाता स्थित ब्रांच ऑफिस में उनसे पूछताछ की थी। जांच से पता चला है कि एक अप्रैल को बीडीओ ऑफिस ब्लॉक-खख में न्यायिक अधिकारियों को गैर-कानूनी तरीके से बंधक बनाने के मामले में सायेम चौधरी मुख्य आरोपी था। वह उस



भीड़ का हिस्सा था, जिसने कानून-व्यवस्था बिगाड़ी थी। एनआईए के अनुसार, आरोपी ने घटना से एक दिन पहले बीडीओ ऑफिस के सामने भाषण देकर लोगों को हिंसक विरोध-प्रदर्शन के लिए उकसाया था। उसने अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रची थी। आरोपी ने उन गैर-कानूनी सभाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया था, जिन्होंने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हिंसा, डराने-धमकाने और बाधा डालने का काम किया था।

## श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के 15 दिवसीय शिकंजी कैंप का समापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति की ओर से नलिनी सेठ रोड और सोना पट्टी के मोड़ पर आयोजित 15 दिवसीय शिकंजी कैंप का गुरुवार को समापन हुआ। समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी, सचिव गोविंद रांधड़ और कोषाध्यक्ष विकास नेवटिया ने बताया कि कैंप का उद्घाटन जोड़ासांको के विधायक विजय ओझा ने किया था। विजय दारुका और सोमनाथ कुमार की अगुवाई में आयोजित इस सेवा कैंप के माध्यम से भीषण गर्मी में कड़ी मेहनत कर अपना जीवन यापन करने वाले करीब 60 हजार लोगों को शिकंजी वितरित की गई। विष्णु खेमका, दयानंद रावलवासिया, सुरेंद्र गौरीसरिया, महेंद्र अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विजय केडिया, विमल



सदका, ललित (पिंटू) गोयल, सुशील जिन्दल, महेश शर्मा और मनीष लुहारुका के सहयोग से यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बारिश का मौसम शुरू होने के कारण इस सेवा कैंप को विराम दिया गया। इस कैंप की सफलता में संजय जैन, सुशील अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, दीपक गुप्ता, शिव कुमार कनोई, नवनीत सादानी, राजेश जोशी, सुरेश झुनझुनवाला, सचिन बेरीवाल, पीयूष खेड़िया, ललित गोयल, दिनेश डालमिया, शुभकरण सेठिया, त्रिलोक गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

## भाजपा का 'प्रशिक्षण महाअभियान': 24 घंटे के शिविर में गुर सीख रहे हैं नेता और कार्यकर्ता

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्ता में आने के बाद भाजपा ने संगठन के विस्तार से आगे बढ़कर अब अपने कार्यकर्ताओं को 'योग्य, कुशल और अनुशासित' बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसी कड़ी में, राज्य भर में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय कार्यकर्ता प्रशिक्षण महाअभियान 2026' की शुरुआत की गई है। गुरुवार से मंडल स्तर पर शुरू हुए इस प्रशिक्षण शिविर के लिए केंद्रीय नेतृत्व ने सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं। इसके तहत राज्य के 1313 मंडलों में 24 घंटे का आवासीय शिविर आयोजित करना अनिवार्य है, जहां नेताओं और कार्यकर्ताओं का रात में रुकना और एक साथ समय बिताना अनिवार्य किया गया है। आरएसएस के पारंपरिक



प्रशिक्षण वर्गों की तर्ज पर तैयार इस अभियान के तहत मंडल स्तर पर 24 घंटे में कुल आठ सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में भाजपा की वैचारिक पृष्ठभूमि, इतिहास, विकास, कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना, इंटरनेट मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नमो ऐप और बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा होगी।

## भाजपा युवा मोर्चा ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**हावड़ा, समाज्ञा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा, मध्य हावड़ा मंडल-3 के अध्यक्ष गौतम वर्मा के नेतृत्व में हावड़ा नगर निगम के वार्ड संख्या 30 में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनके घर जाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अंगवस्त्र, प्रोत्साहन पत्र एवं उपहार प्रदान कर उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम के दौरान गौतम वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए निरंतर मेहनत और प्रयास करते रहना चाहिए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वार्ड, जिला एवं प्रदेश स्तर



के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करने से समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनता है।

### सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले व्यक्ति की हत्या मामले में तृणमूल नेता को उम्रकैद

**मुर्शिदाबाद :** सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले स्थानीय निवासी की हत्या के मामले में लालबाग फास्ट ट्रैक द्वितीय अदालत ने तृणमूल कांग्रेस के पंचायत समिति के कृषि कर्माध्यक्ष गोलाम शेख और उनके भाई मिठू शेख को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने गोलाम शेख पर 50 हजार रुपये तथा मिठू शेख पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामला अगस्त 2024 का है। भगवानगोला के रमना क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय निवासी बाबर अली ने विरोध जताया था। आरोप है कि विरोध के चलते 16 अगस्त 2024 की दोपहर उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गोलाम शेख और मिठू शेख समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है। मामले की सुनवाई के दौरान दो आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया, जबकि अदालत ने गोलाम शेख और मिठू शेख को दोषी ठहराते हुए गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई।

## बीएसएनएल कार्यालय के बाहर बीएमएस का शक्ति प्रदर्शन, 5 अगस्त को संसद घेराव का आह्वान



**सिलीगुड़ी :** बीएसएनएल कार्यालय में निर्धारित कार्यक्रम के लिए टीआरसी हॉल की अनुमति अंतिम समय में रद्द किए जाने के विरोध में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) समर्थित भारतीय टेलीकॉम एम्प्लॉइज यूनियन ने सोमवार को सिलीगुड़ी स्थित जीएम कार्यालय के सामने खुली जगह पर शक्ति प्रदर्शन किया। संगठन के नेताओं ने आरोप लगाया कि बीएसएनएल प्रबंधन और कुछ प्रतिद्वंद्वी ट्रेड यूनियनों की मिलीभगत से यह निर्णय लिया गया। सभा में करीब 650 कर्मचारी और समर्थक शामिल हुए। बीएमएस नेताओं का दावा है कि विभिन्न यूनियनों से जुड़े लगभग 200 कर्मचारी संगठन में शामिल हुए हैं। सभा को संबोधित करते हुए सर्किल सचिव वैद्य दे ने केंद्र सरकार से सातवें वेतन आयोग को तत्काल लागू करने की मांग की तथा 5 अगस्त को दिल्ली में संसद घेराव कार्यक्रम का आह्वान किया। कार्यक्रम में मिहिर हलदार और रामप्रसाद राय भी उपस्थित थे।

## पैसा खुशियों का एकमात्र जरिया नहीं : वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रखे प्रभावशाली तर्क

**कोलकाता, समाज्ञा :** द असेंबली ऑफ गॉड चर्च स्कूल, पार्क स्ट्रीट के सभागार में 23 जून को विद्यालय के हिन्दी विभाग के तत्वावधान में अंतर-हाउस हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था- पैसा ही खुशियों का एकमात्र जरिया है। इस विषय पर विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, अभिव्यक्ति-कौशल तथा ओजस्वी वक्तृत्व क्षमता का विकास करना था। विभिन्न हाउसों के प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे।

पक्ष के वक्ताओं ने तर्क दिया कि धन आधुनिक जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति का प्रमुख साधन है तथा सम्मान, सुविधा और सुरक्षा का आधार भी धन ही है। वहीं, विपक्ष के वक्ताओं ने अपने सशक्त तर्कों के माध्यम से यह स्थापित करने का प्रयास किया कि धन जीवन को सुविधाजनक बना सकता है, लेकिन वास्तविक सुख प्रेम, संतोष, स्वस्थ संबंधों, उत्तम स्वास्थ्य और मानसिक शांति से प्राप्त होता है।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल की सदस्य रंजना शर्मा एवं शिक्षाविद् डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों की भाषा-शैली, विषय की



समझ, तर्कशक्ति, आत्मविश्वास एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर निर्णय दिया। अपने संबोधन में दोनों निर्णायकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और विचार-समृद्धि की सराहना करते हुए कहा कि धन जीवन का महत्वपूर्ण साधन अवश्य है, किन्तु मानवीय मूल्य और संतुलित जीवन-दृष्टि ही वास्तविक खुशी का आधार हैं। प्रतियोगिता में बंटेन हाउस के मो. जयान राशिद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ग्रीनावे हाउस के अनुभव सिन्हा द्वितीय स्थान पर रहे। होगन हाउस की आत्रेई गुप्ता एवं जेरेलिन एंथनी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। समग्र प्रदर्शन के आधार पर बंटेन हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस घोषित किया गया। कार्यक्रम के अंत में हिन्दी विभाग की ओर से निर्णायकों, शिक्षकों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## तमन्ना खातून हत्याकांड में तीन और आरोपी गिरफ्तार, कुल गिरफ्तारी 16 हुई

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कालीगंज में पिछले वर्ष राजनीतिक हिंसा के दौरान नाबालिग लड़की तमन्ना खातून की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। राज्य पुलिस के अनुसार, बुधवार की रात से गुरुवार की सुबह के बीच फरार चल रहे तीन आरोपियों- इस्माइल शेख, हाफिजुल शेख और मिनारुल शेख को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि हत्या की जांच शुरू होने के बाद ये तीनों वहां जाकर छिप गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया जा रहा है और बाद में उन्हें नदिया जिले की अदालत में पेश किया जाएगा। अभियोजन पक्ष उनकी पुलिस हिरासत की मांग करेगा। बता दें कि



इससे पहले मंगलवार की रात पुलिस ने मामले में फरार दो अन्य आरोपियों, साबित शेख और जियारुल शेख, को गिरफ्तार किया था। इस तरह पिछले 24 घंटों में कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। गौरतलब है कि 23 जून 2025 को कालीगंज विधानसभा उपचुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई हिंसा में तमन्ना खातून की मौत हो गई थी। आरोप है कि जीत के जुलूस के दौरान कुछ तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने तमन्ना खातून के घर पर देसी बम फेंके थे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

### महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशन पर एस्केलेटर बदला जाएगा, 27 जून से सेवा रहेगी बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन के महानायक उत्तम कुमार स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा। स्टेशन के बेसमेंट और सरफेस गेट को जोड़ने वाले एस्केलेटर (एनजे 5857) को बदला जा रहा है। एस्केलेटर बदलने का काम 27 जून 2026 से शुरू होगा। इसके चलते यात्रियों के लिए यह एस्केलेटर सेवा नए एस्केलेटर के चालू होने तक बंद रहेगी। इस प्रतिस्थापन कार्य को पूरा करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगने का अनुमान है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एस्केलेटर के पास स्थित सीढ़ियां खुली रहेंगी और यात्री उनका उपयोग कर सकेंगे।

## आईआरएफसी की सीएसआर पहल से बी.आर. सिंह अस्पताल को मिले अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान बी.आर. सिंह अस्पताल में गुरुवार को भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत उपलब्ध कराए गए नए



अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन एवं लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के संरक्षण में अस्पताल की चिकित्सा अवसंरचना के उन्नयन की यह महत्वपूर्ण पहल साकार हो सकी। इस समारोह का उद्घाटन पूर्व रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया और नए उपकरणों को मरीजों की सेवा के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर आईआरएफसी के कार्यकारी निदेशक मनीष चंद्र, पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. नटराज बसप्पा, सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना, बी.आर. सिंह अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. देबाशीष गुहा तथा पूर्व रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

525 बिस्तरों की क्षमता वाला बी.आर. सिंह अस्पताल भारतीय रेल के सबसे बड़े अस्पतालों में से एक है। आईआरएफसी ने सीएसआर मद के तहत 2.64 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की है, जिससे अस्पताल के लिए पांच अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण खरीदे गए हैं। इनमें कार्डियोलॉजी विभाग के लिए सेंट्रल मॉनिटरिंग सिस्टम, एडवांस्ड एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन और उच्च क्षमता वाली इकोकार्डियोग्राफी मशीन शामिल हैं। वहीं ईएनटी विभाग को 4के एंडोस्कोपिक सेट और माइक्रो डिब्राइडर सेट उपलब्ध कराया गया है। अपने संबोधन में शीलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इन आधुनिक उपकरणों से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी। कार्यक्रम में डॉ. देबाशीष गुहा ने प्रस्तुति के माध्यम से सीएसआर परियोजना के लाभों की जानकारी दी। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि आईआरएफसी और भारतीय रेल का यह सहयोग रेलवे लाभार्थियों को बेहतर एवं जीवनरक्षक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पूर्व रेलवे ने रानीगंज और आसनसोल में अत्याधुनिक आरपीएफ बैरक का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आरपीएफ कर्मियों के कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आसनसोल मंडल के अंतर्गत रानीगंज और आसनसोल में दो अत्याधुनिक आरपीएफ बैरक का उद्घाटन किया। दोनों सुविधाओं को शहीद आरपीएफ कर्मियों की स्मृति और उनके अदम्य साहस को सम्मान देने के उद्देश्य से समर्पित किया गया। रानीगंज में 20 से अधिक बेड वाले नए पुरुष आरपीएफ बैरक का उद्घाटन किया गया, जिसका नाम शहीद एमडी जावेद खान बैरक रखा गया है। यह बैरक आरपीएफ जवानों के लिए आधुनिक सुविधाओं, बेहतर आवास व्यवस्था और आरामदायक वातावरण के साथ तैयार किया गया है। वहीं, आसनसोल में नए महिला आरपीएफ बैरक का उद्घाटन किया



गया, जिसे शहीद अरुण कुमार सिंह लेडीज बैरक, आसनसोल नाम दिया गया है। यह महिला सुरक्षा कर्मियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

दोनों बैरकों का उद्घाटन पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सीमा देउस्कर ने पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम में आरपीएफ के आईजी सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमिया नंदन सिन्हा, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक दीपक निगम, आसनसोल मंडल के डीआरएम संग्रह मौर्य और पूर्व रेलवे के उप महाप्रबंधक (सामान्य) एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान शहीद जवानों के परिवारों को विशेष सम्मान दिया गया। शहीद एमडी जावेद खान की पत्नी शमीमा खान और शहीद अरुण कुमार सिंह की पत्नी उमा देवी सिंह को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और ईआरडबल्यूडबल्यूओ अध्यक्ष सीमा देउस्कर ने उन्हें सम्मानित किया।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि इन बैरकों का नामकरण शहीद जवानों की बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा और रेलवे सुरक्षा में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखने का प्रतीक है। इस दौरे के दौरान महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने रानीगंज यार्ड के पुनर्विकास योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यार्ड और स्टेशन क्षेत्रों के आधुनिकीकरण से माल ढुलाई क्षमता, यात्री सुविधाओं और ट्रेन संचालन व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# आरजी कर हत्या-दुष्कर्म मामला : हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच की प्रगति पर नाराजगी जताई

- ❑ अदालत ने जांच में तेजी न आने पर मामला वापस लेने की दी चेतावनी
- ❑ नई एसआईटी में पुराने अधिकारियों को शामिल न करने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2024 में सरकारी आरजी कर चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की कथित साजिश की सीबीआई जांच की प्रगति पर गुरुवार को नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि पिछले जांच अधिकारी को हटाने के बाद सीबीआई की विशेष जांच टीम (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश दिया गया था ताकि मामले को तार्किक नतीजे तक पहुंचाया जा सके। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 21 मई को अदालत के निर्देश के अनुसार अबतक की गई जांच की वास्तु-स्थिति रिपोर्ट पीठ के समक्ष पेश की। न्यायमूर्ति शम्पा सरकार और न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की पीठ ने कहा कि हमारे सामने पेश की गई रिपोर्ट से हम संतुष्ट नहीं हैं। अदालत ने इस तथ्य पर संज्ञान लिया कि जांच अक्टूबर 2024 से चल रही है। पीठ ने कहा कि उसे उम्मीद है कि जांच को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। पीठ ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह जांच के सिलसिले में इकट्ठा की गई सभी सामग्री अगली तारीख पर सीलबंद लिफाफे में अदालत के समक्ष पेश करे। अदालत ने रेखांकित किया कि उसके पिछले आदेश के अनुसार कुछ पूछताछ की गई है, लेकिन वह नाकाफी है। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई फिर से छह अगस्त को होगी, जब सीबीआई जांच की केस डायरी पेश करेगी। बता दें कि उच्च न्यायालय ने 21 मई को सीबीआई की तीन सदस्यों वाली एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाने का आदेश दिया था। इस टीम की अगुवाई



सीबीआई के संयुक्त निदेशक (पूर्वी क्षेत्र)कर रहे हैं। टीम को 9 अगस्त, 2024 की उस रात प्रशिक्षु चिकित्सक के रात्रिभोज करने से लेकर उनके अंतिम संस्कार तक हुई घटनाओं की जांच करनी थी।

## भय दिखाने और अनुशासनहीनता के आरोप में भाजपा कार्यकर्ता निलंबित

**कोलकाता :** पार्टी अनुशासन के उल्लंघन और स्थानीय स्तर पर भय का माहौल बनाने के आरोप में राज्य भाजपा की अनुशासन समिति ने कोलकाता के चेतला निवासी भाजपा कार्यकर्ता तारक बंद्योपाध्याय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही अगले आदेश तक पार्टी से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

राज्य भाजपा की अनुशासन समिति के प्रमुख प्रताप बंद्योपाध्याय ने बताया कि पार्टी अनुशासन का पालन नहीं करने और लगातार शिकायतें मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया है। आरोप है कि चुनाव के बाद से तारक बंद्योपाध्याय अपने क्षेत्र में भय और दबाव का वातावरण बना रहे थे। उन पर धमकी देने, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार और शारीरिक उत्पीड़न करने के आरोप भी लगाए गए हैं। इसके अलावा कई गतिविधियों को पार्टी विरोधी माना गया है।

पार्टी ने उन्हें सात दिनों के भीतर नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार, चेतला निवासी होने के बावजूद तारक बंद्योपाध्याय न्यू अलीपुर क्षेत्र में भाजपा की राजनीति से जुड़े हुए हैं। उनकी पत्नी को भी पूर्व में नगर निगम चुनाव में भाजपा की ओर से उम्मीदवार बनाया गया था।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के बाद उनके व्यवहार को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर अनुशासन समिति ने जांच कर कार्रवाई की सिफारिश की। बताया जा रहा है कि राज्य भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है।

राजनीतिक हलकों में इस कार्रवाई को पार्टी के भीतर अनुशासन बनाए रखने के संदेश के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता और संगठन विरोधी गतिविधियों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मुंशीरहाट में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर के मुंशीरहाट इलाके में एक इलेक्ट्रॉनिक सामान के शोरूम में गुरुवार शाम भीषण आग लग गई। घटना करीब 5 बजे की बताई जा रही है, जब शोरूम से काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और शोरूम में रखे टीवी, फ्रिज, एसी और मोबाइल फोन समेत कई सामान जलकर नष्ट हो गए। घटना से पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की खबर मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश की। जगतबल्लभपुर थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इस मामले की जांच जारी है।

### विद्यासागर ब्रिज रविवार को 12 घंटे के लिए रहेगा बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** विद्यासागर ब्रिज रविवार को फिर से बंद रहेगा। कोलकाता पुलिस ने एक अधिसूचना जारी की है कि मरम्मत और रखरखाव कार्य के लिए रविवार, 28 जून को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे के लिए ब्रिज पूरी तरह से बंद रहेगा। उस दौरान किसी भी प्रकार के वाहन को चलने की अनुमति नहीं होगी। यातायात की भीड़ से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की भी सलाह दी गई है। उस दिन, ब्रिज के 12 घंटे के बंद होने के दौरान विभिन्न दिशाओं से आने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा। जिरुत आलैंड की दिशा से एजेसी बोस रोड के माध्यम से विद्यासागर ब्रिज की ओर आने वाले पश्चिम की ओर जाने वाले वाहनों को टर्फ व्यू के रास्ते ग्रेड रोड, हेस्टिंग्स क्रॉसिंग, सेंट जॉर्ज गेट रोड, स्ट्रैंड रोड और हावड़ा ब्रिज की ओर डायवर्ट किया जाएगा। सड़क के किनारे ब्रिज की ओर जाने वाली गाड़ियां फर्लांग गेट नंबर 11 से हेस्टिंग्स क्रॉसिंग होते हुए स्ट्रैंड रोड और हावड़ा ब्रिज जाएंगी। दूसरी ओर, खिदिरपुर से सीजीआर रोड के साथ पूर्व की ओर आने वाली गाड़ियां हेस्टिंग्स क्रॉसिंग से बाएं मुड़कर सेंट जॉर्ज गेट रोड, स्ट्रैंड रोड और हावड़ा ब्रिज का इस्तेमाल कर सकेंगी। इसके अलावा, जो गाड़ियां वाई पॉइंट रैंप के ज़रिए विद्यासागर सेतु से गुजरने वाली हैं, उन्हें वाई पॉइंट से के.पी रोड, फर्लांग गेट नंबर 11, घ.झ. रोड और रेड रोड से हावड़ा ब्रिज की ओर भेजा जाएगा। कोलकाता पुलिस ने यह भी कहा कि अगर जरूरी हुआ, तो गाड़ियों को शहर की अलग-अलग कनेक्टिंग या मुख्य सड़कों से डायवर्ट किया जा सकता है।

### सेवा नहीं दे सकते तो इस्तीफा दें : मंत्री भास्कर भट्टाचार्य

**हुगली :** जिले में एक के बाद एक कई नगरपालिकाओं में चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के इस्तीफे के बाद प्रशासक नियुक्त किए गए हैं। इसी बीच श्रीरामपुर विधानसभा के विधायक एवं मंत्री भास्कर भट्टाचार्य के एक फेसबुक पोस्ट को लेकर राजनीतिक गलियारों में जोरदार चर्चा शुरू हो गई है।



मंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि आप श्रीरामपुर और रिसड़ा नगरपालिका के लोगों को सही तरीके से नागरिक सेवा नहीं दे पा रहे हैं, तो इस्तीफा दे दें। इलाके में किसी भी तरह की अनियमितता या लोगों की परेशानी सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। मेरी विनम्रता को कमजोरी न समझें। अब वही होगा जो जनता चाहती है।

मंत्री भास्कर भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार निर्देश दे चुके हैं कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने बताया कि उन्होंने दोनों नगरपालिकाओं के साथ सौजन्य बैठक की और किसी तरह का राजनीतिक संदेश नहीं दिया, बल्कि काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग उनकी विनम्रता को कमजोरी समझ रहे हैं, जबकि उन्हें लगातार विभिन्न इलाकों से शिकायतें मिल रही हैं कि लोगों को पर्याप्त सेवाएं नहीं मिल रही हैं।

मंत्री ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई नगरपालिका जनता को सेवा देने में असफल रहती है, तो इसकी जिम्मेदारी चेयरमैन की है और ऐसे में उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर स्थिति नहीं सुधरी तो सरकार खुद कार्रवाई करेगी।

वहीं, श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरिधारी साहा ने कहा कि मंत्री ने उन्हें विस्तार से स्थिति समझाई है और वे लगातार संपर्क में रहकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड 25 में सड़क से जुड़ी समस्या पर काम शुरू हो चुका है और बाकी कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि वे जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जरूरत पड़ने पर मंत्री के साथ इस विषय पर आगे भी चर्चा करेंगे।

### आवास योजना में कटमनी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, पंचायत सदस्य के भाई को खंभे से बांधा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा के तहत 100 दिन के काम में कथित कटमनी एवं भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। शंकरहाटी-2 ग्राम पंचायत के सदस्य बसु सांतरा और उनके भाई शैलेन सांतरा पर आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से रुपये वसूलने तथा जॉब कार्डधारकों की मजदूरी और अन्य बकाया राशि रोकने के आरोप लगाए गए हैं। आरोपों से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को पंचायत सदस्य के भाई शैलेन सांतरा को पकड़कर एक बिजली के खंभे से बांध दिया। प्रदर्शनकारियों ने उनके गले में जूतों की माला पहनाकर विरोध जताया और कथित तौर पर अंडे फोड़कर भी अपना आक्रोश व्यक्त किया।



घटना की सूचना मिलते ही जगतबल्लभपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायतों के आधार पर शैलेन सांतरा को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### डीजे मामले में आवाज का नमूना लेने के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी डीजे बजाने को लेकर कथित विवादित टिप्पणी से जुड़े मामले में अपराध अन्वेषण विभाग द्वारा उनकी आवाज का नमूना लेने की प्रक्रिया के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय पहुंचे हैं। उन्होंने अदालत में कहा कि जब वह पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि संबंधित आवाज उनकी ही है, तो फिर आवाज का नमूना एकत्र करने की आवश्यकता क्यों है। डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी की ओर से उनके अधिवक्ता अयन भट्टाचार्य ने गुरुवार को न्यायमूर्ति कौशिक चंद का ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित किया। न्यायमूर्ति ने याचिका दायर करने की अनुमति दे दी और मामले की अगली सुनवाई आगामी सोमवार को



निर्धारित की है। बता दें कि विधान-नगर अदालत ने अपराध अन्वेषण विभाग को 30 जून को मजिस्ट्रेट और विधि विज्ञान विशेषज्ञ की मौजूदगी में अभिषेक बनर्जी की आवाज का नमूना लेने की अनुमति दी थी। विभाग की ओर से बुधवार की रात इस संबंध में नोटिस देने के लिए उनके कालीघाट स्थित आवास पर भी जाया गया था। नोटिस में अभिषेक बनर्जी को आगामी मंगलवार को आवाज का नमूना देने के लिए उपस्थित होने को कहा गया है।

## कोलकाता में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई इलाकों में जलभराव, मौसम विभाग का रेड अलर्ट

**कोलकाता :** गुरुवार को कोलकाता और उससे सटे जिलों में हुई मूसलाधार बारिश तथा तेज़ हवाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। आसमान पर दिनभर घने काले बादल छाए रहे और कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज वर्षा हुई। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी रेड अलर्ट के बीच शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई।

मौसम विभाग के अनुसार, वर्षा के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं भी चलीं। तेज़ हवाओं के कारण कई जगहों पर



पेड़ उखड़ गए, यातायात बाधित हुआ और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि कुछ जगहों पर बिजली के तार पर भी पेड़ गिर गए। नगर निगम के कर्मचारी प्रभावित इलाकों में पहुंचे और यातायात बहाल करने के लिए गिरे हुए पेड़ों को हटाने का काम शुरू किया।

सड़कों पर पानी भर जाने से वाहन चालकों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

भारी वर्षा का प्रभाव केवल कोलकाता तक सीमित नहीं रहा। हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जिलों में भी व्यापक बारिश दर्ज की गई। कई निचले इलाकों में पानी जमा हो गया, जिससे स्थानीय निवासियों की आवाजाही प्रभावित हुई।

मौसम विभाग ने दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में आगामी कुछ दिनों तक मौसम के इसी प्रकार बने रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार सप्ताहांत तक रुक-रुक कर गरज के साथ बारिश और आंधी चलने का सिलसिला जारी रह सकता है। इसके मद्देनज़र प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

प्रशासन और मौसम विभाग ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। पेड़ों, खुले मैदानों और जलाशयों के पास खड़े होने से बचने को कहा गया है। साथ ही बिजली गिरने और वोल्टेज बढ़ने से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए विद्युत उपकरणों को सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण दक्षिण बंगाल में अगले कुछ दिनों तक वर्षा की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### सुमीत इंडस्ट्रीज ने 199.75 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पॉलिएस्टर यार्न निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 199.75 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू की घोषणा की है। कंपनी इस पूंजी का उपयोग उत्पादन क्षमता विस्तार, ऋण में कमी, कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और सौर ऊर्जा परियोजना में निवेश के लिए करेगी। कंपनी ने बताया कि राइट्स इश्यू से प्राप्त राशि में से 49 करोड़ रुपये गुजरात के सूरत स्थित नाकोडा लिमिटेड से अधिग्रहित 1.40 लाख टन वार्षिक क्षमता वाले पॉलिएस्टर चिप्स प्लांट के संचालन और एकीकरण पर खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा 23 करोड़ रुपये ऋण भुगतान और 22 करोड़ रुपये 6.5 मेगावाट कैप्टिव सोलर पावर प्लांट की स्थापना पर निवेश किए जाएंगे। सुमीत इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रतीक आर. जाजू ने कहा कि यह राइट्स इश्यू कंपनी की विकास रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे बैकवर्ड इंटीग्रेशन मजबूत होगा और राजस्व वृद्धि को गति मिलेगी। कंपनी को वित्त वर्ष 2026-27 में लगभग 30 प्रतिशत राजस्व वृद्धि की उम्मीद है।

प्रथम पुण्यतिथि पर सादर स्मरण



जन्म 1 जून 1962
प्रयाण 25 जून 2025

स्व. दिलीप कुमार अग्रवाल

धर्म, कर्म और समाजसेवा, था आपका जीवन आधार
हम सब को सदा सिखाया, सत्य, अहिंसा, नेक विचार
हम सब पर है सदा बरसाया, प्रेम, वात्सल्य, स्नेह अपार
आज आपकी पुण्यतिथि पर, श्रद्धावनत है पूरा परिवार

श्रद्धावनत : बबीता अग्रवाल ( धर्मपत्नी )
मनोज-नीतु अग्रवाल ( अनुज-अनुजवधू )
प्रणय-रितिका अग्रवाल ( पुत्र-पुत्रवधू )
निकिता-हर्ष गाड़ोदिया ( पुत्री-जंवाई )
मीरा-दुर्गा खेतान ( बहन-बहनोई )
श्रेयस ( भतीजा ), प्रणिता, निष्ठा ( भतीजी )
रुद्रांश ( पौत्र ), आरुष ( दौहित्र )
एवं समस्त परिवार तथा
श्री बाल हनुमान मंदिर परिवार

### विश्व मंच पर 'भारत के योग' की गूंज, न्यूयॉर्क से शंघाई तक उमड़ा जनसैलाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** 21 जून 2026 को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनियाभर में उत्साह के साथ मनाया गया। भारत में मुख्य आयोजन पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुआ, जबकि विदेशों में भी योग के प्रति लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रही, जिसमें स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का संदेश दिया गया। विदेश मंत्रालय और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के सहयोग से 210 से अधिक भारतीय मिशनों ने दुनिया भर के 2,500 से ज्यादा स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा की मौजूदगी में लिंकन मेमोरियल पर योग शिविर हुआ, वहीं न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व एच. आर. नागेंद्र ने किया। शंघाई के बंड फाइनेंस सेंटर (बीएफसी), टोरंटो के ओंटारियो विधानसभा भवन, ब्रिटेन के विक्टोरिया स्क्वायर सहित कई देशों में योग कार्यक्रम आयोजित हुए। संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं में उपलब्ध कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के जरिए दुनियाभर के लोगों ने योग और प्राणायाम किया। योग अब भारत की परंपरा से आगे बढ़कर वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन बन चुका है।

### तारातला हादसे के घायलों से एसएसकेएम अस्पताल में मिले मंत्री अजय कुमार पोद्दार

**कोलकाता, समाज्ञा :** तारातला ट्रांसपोर्ट डिपो के समीप निर्माणाधीन गोदाम का शेड गिरने की घटना के बाद पश्चिम मंत्री डॉ अजय पोद्दार ने गुरुवार को एसएसकेएम अस्पताल पहुंचकर घायल मजदूरों और उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों से घायलों की स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी प्रभावितों को बेहतर और समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि हादसे के बाद राहत एवं बचाव अभियान लगातार युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। मलबे में अब भी दो लोगों के फंसे होने की आशंका को देखते हुए बचाव दल पूरी सतर्कता के साथ अभियान में जुटा हुआ है। उन्होंने इस हादसे में



जान गंवाने वाले पांच मजदूरों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। साथ ही अस्पताल में भर्ती करीब 20 घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस घटना को गंभीरता से ले रही है और राहत व बचाव कार्यों को तेज करने में मुख्यमंत्री के नेतृत्व और त्वरित हस्तक्षेप की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### खटेड़ परिवार के तीन बच्चों ने सीए की डिग्री हासिल की

**कोलकाता, समाज्ञा:** प्रतिष्ठित पत्रकार, भारतीय समाज पाक्षिक अखबार के सम्पादक आलोक खटेड़ की सुपुत्री श्वेता खटेड़ ने चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर सीए की डिग्री प्राप्त की है। बताना प्रासंगिक है कि श्वेता के दो जुड़वा भाई अंकित व आदित्य खटेड़ भी हाल ही में चार्टर्ड अकांउटेंट की परीक्षा



उत्तीर्ण कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि आज के दौर में जहां अधिकतर बच्चे इस कठिन पढ़ाई के लिए कोचिंग का सहारा लेते हैं, वहीं खटेड़ परिवार के इन तीनों मेधावी छात्र-छात्राओं ने बगैर किसी कोचिंग का सहारा लिए यह कठिन परीक्षा उत्तीर्ण की है। एक ही परिवार में तीन-तीन बच्चों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूरा समाज गौरवान्वित है। श्वेता व अंकित तथा आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्वजों के आशीर्वाद एवं अपने माता-पिता की प्रेरणा को दिया

### बैंडेल में फिर ठगी का बड़ा मामला: सैकड़ों ग्राहक बने शिकार, करोड़ों लेकर फरार

**हुगली :** जिले के मोगरा थाना क्षेत्र में एक बार फिर बड़े पैमाने पर ठगी का मामला सामने आया है, जहां सैकड़ों ग्राहक एक कथित जालसाज के शिकार बन गए। आरोप है कि सोने की दुकान के नाम पर सुनियोजित तरीके से कई करोड़ रुपये की ठगी की गई और आरोपी फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, मोगरा थाना क्षेत्र के छोटा खेजुरिया के एडकोनगर इलाके में भरतचंद्र राजबंशी नामक व्यक्ति ने मा ज्वेलर्स के नाम से सोने की दुकान खोली थी। वह पुराने सोने के गहनों को बदलकर नए गहने देने और किस्तों में पैसा जमा कराने का लालच देकर लोगों को अपने जाल में फंसाता था।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि आरोपी पुराने सोने के बदले नए गहने देने के नाम पर ठगी करता था। इस तरह कई लोगों से लाखों-करोड़ों रुपये ऐंठ लिए गए। बड़ी संख्या में लोग इस धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं।

जब लोगों को ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने मोगरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आरोपी ने कुल कितने लोगों से कितनी रकम ठगी की है, लेकिन अनुमान है कि यह रकम कई करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। शिकायत मिलने के बाद मोगरा थाना पुलिस ने आरोपी भरतचंद्र राजबंशी की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

### एआई और क्लाउड टेक्नोलॉजी से बदलेगा कंप्लायंस का स्वरूप, केडीके सॉफ्टवेयर ने शुरू किया नया अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में कंप्लायंस सिस्टम तेजी से डिजिटल बदलाव की ओर बढ़ रहा है, जहां एआई, क्लाउड और कनेक्टेड प्लेटफॉर्म्स अब नियमों के पालन के साथ-साथ कारोबार के बेहतर फैसलों और विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी बदलाव को लेकर टैक्स कंप्लायंस टेक्नोलॉजी कंपनी केडीके सॉफ्टवेयर ने अभिनेता बोमन ईरानी के साथ नया ब्रांड कैंपेन शुरू किया है। केडीके का एआई आधारित स्पेक्ट्रम क्लाउड प्लेटफॉर्म जीएसटी, टीडीएस, इनकम टैक्स, नोटिस मैनेजमेंट, वर्कफ्लो ऑटोमेशन और अन्य सेवाओं को एक ही जगह उपलब्ध कराता है। केडीके सॉफ्टवेयर के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक कपिल गोयल ने कहा कि आधुनिक दौर में कंप्लायंस कारोबार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। वहीं, बोमन ईरानी ने कहा कि जटिल प्रक्रियाओं को सरल बनाना इस पहल की मुख्य सोच है।

### न्यूटाउन स्थित डाउनटाउन मॉल में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के न्यूटाउन के डाउनटाउन मॉल में स्थित एक स्पा सेंटर को लेकर बुधवार की शाम भारी हंगामा और मारपीट की घटना सामने आई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में चर्चा तेज हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, स्पा सेंटर के मालिक कलिमुद्दीन और कुछ ग्राहकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते कहासुनी बढ़कर हाथा-पाई और मारपीट में बदल गई। मॉल परिसर में हुई इस घटना से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, संबंधित स्पा सेंटर में मसाज सेवा की आड़ में कथित तौर पर अनैतिक गतिविधियां संचालित होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर यह भी कहा जा रहा है कि इसी मुद्दे को लेकर विवाद की शुरुआत हुई। हालांकि, प्रशासन या पुलिस की ओर से खबर लिखे जाने तक इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मॉल के भीतर कई लोगों के बीच तीखी बहस हुई जो बाद में मारपीट में बदल गई। घटना में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। सूचना पाकर टेक्नोसिटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

**Change of Name**

I, **Aneek Ghorui, S/o. Swarup Ghorui,** resident of Vill.- Gopalnagar, P.O.- Gopalnagar Harharia, P.S.-Singur, Dist.-Hooghly, W.B., Pin-712409, have changed my & my father's name from **Aneek Kumar Ghorui, S/o. Swarup Kumar Ghorui to Aneek Ghorui, S/o. Swarup Ghorui. Aneek Ghorui, S/o. Swarup Ghorui and Aneek Kumar Ghorui, S/o. Swarup Kumar Ghorui** is the same and one identical person. Vide Affidavit No.6094, Dated 03/06/2026 sworn before the 1st Class Judicial Magistrate Court at Alipore, Kolkata.

## प्रसव के दौरान महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

**मऊ (उप्र):** मऊ जिले में प्रसव के दौरान 25 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि शिशु भी मृत पैदा हुआ। इससे गुस्साए परिजनों ने बृहस्पतिवार को दो निजी चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दी और विरोध प्रदर्शन किया। यह जानकारी पुलिस ने दी। घटना घोसी थाना क्षेत्र के नदवा सराय की है। परिवार के अनुसार, महिला का इलाज दो निजी चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था, जिनकी पहचान मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद यूनुस के रूप में हुई। परिवार के अनुसार, बाद में महिला को एक अन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार इसके बाद, रिश्तेदारों और स्थानीय निवासियों ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने कहा कि दोनों चिकित्सकों के क्लीनिक का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद सड़क जाम हटा दिया गया और यातायात सामान्य रूप से शुरू हो गया।

## यूपी भाजपा ने जारी की प्रदेश पदाधिकारियों की सूची, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए बृहस्पतिवार को अपनी प्रदेश इकाई के लिए सभी छह क्षेत्रीय अध्यक्षों को हटाकर नये पदाधिकारियों की घोषणा की। उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी की ओर से जारी सूची के अनुसार प्रदेश इकाई में 19 उपाध्यक्ष और आठ महासचिव बनाये गये हैं। इसके मुताबिक पश्चिम, ब्रज, कानपुर, अवध, काशी और गोरखपुर के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष भी घोषित किए गए हैं। यह सूची पार्टी नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्य के वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय नेतृत्व के बीच कई दौर के विचार-विमर्श के बाद जारी की गई है। सूची के अनुसार प्रदेश महामंत्री बनाये गये नेताओं में रामप्रताप सिंह चौहान, गीता शाक्य, अभिजात मिश्रा, उपेंद्र रावत, संजय राय, शंकर लोधी, दिलीप पटेल और राजेश चौधरी शामिल है। इसके अनुसार, उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त होने वाले नेताओं में पूजा पाल, सुरेश राणा, नीरज सिंह और सत्यपाल सैनी सहित अन्य नेता शामिल हैं।

## उत्तर प्रदेश में अलग-अलग घटनाओं में डूबने से तीन लोगों की मौत

**कासगंज/देवरिया :** कासगंज और देवरिया जिलों में हुईं अलग-अलग घटनाओं में नदी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। कासगंज जिले में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सलोनी कश्यप (16), कोमल कश्यप (14) और उनका भाई शिवनेश (12) सुनखारी थाना क्षेत्र में मुजफ्फरनगर गांव के पास गंगा नदी के किनारे गए थे। उन्होंने बताया कि इसी बीच शिवनेश नहाने के लिये नदी में उतर गया लेकिन गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूबने लगा। उन्होंने बताया कि उसकी चीख-पुकार सुनकर दोनों बहनें उसे बचाने के लिये नदी में कूद गईं और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन तेज बहाव के कारण वे खुद गहरे पानी में बह गईं। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय निवासियों व गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया गया और जल्द ही कोमल को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सल-ोनी का शव लगभग दो घंटे बाद नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देवरिया के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मदनपुर थाना इलाके के मोहड़ा गांव के पास राप्ती नदी में अपनी दो बहनों को डूबने से बचाने की कोशिश करते समय 14 साल के एक लड़के की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि रीता (18) और उसकी बहन माया (12) नदी में नहा रही थीं, तभी गहरे पानी में चले जाने के कारण वे डूबने लगीं।

# 'लोकतंत्र सेनानियों' को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा जल्द: आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार लोकतंत्र को बचाने वाले 'लोकतंत्र सेनानियों' के लिए जल्द ही प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने आपातकाल की 51वीं बरसी 'संविधान हत्या दिवस' के अवसर पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में 'लोकतंत्र सेनानियों' के स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 'लोकतंत्र सेनानियों' का सम्मान करते हुए गौरव की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि 'लोकतंत्र सेनानियों' ने लोकतंत्र को बचाने के लिए जेल की यातनाएं सहीं, इसलिए प्रदेश में जब लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित सरकार आई तो 'लोकतंत्र सेनानियों' के सम्मान के लिए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। प्रदेश में 3,780 'लोकतंत्र सेनानी' तथा 1,461 उनके आश्रित हैं। सरकार वर्ष 2018 से 'लोकतंत्र सेनानियों' व मरणोपरांत उनके आश्रितों को प्रत्येक माह 20 हजार रुपये की सम्मान राशि दे रही है। साथ ही 'लोकतंत्र सेनानी' या उनके उत्तराधिकारी (पति अथवा पत्नी) को एक सहायक के साथ पूरे प्रदेश में परिवहन निगम की सभी श्रेणी की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है। 'लोकतंत्र सेनानियों' को राजकीय चिकित्सालयों में निशुल्क चिकित्सा भी उपलब्ध कराई जा रही है। योगी ने कहा कि अब सरकार लोकतंत्र सेनानियों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी उलब्ध कराने जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही लोकतंत्र सेनानी के दिवंगत होने पर उनका अंतिम संस्कार भी राजकीय सम्मान के साथ किए जाने की व्यवस्था सरकार द्वारा बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी हमेशा इस बात को ध्यान में रखेगी कि जो भी देश व लोकतंत्र के हित में काम करेगा, सरकारें उन्हें सम्मानित करेंगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने 'लोकतंत्र सेनानियों' का सम्मान किया।

## अयोध्या और काशी की तर्ज पर संत कबीर नगर में बनाया जाएगा तामेश्वरनाथ धाम गलियारा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार अयोध्या और वाराणसी की तर्ज पर संत कबीर नगर में तामेश्वरनाथ धाम में एक भव्य कॉरिडोर विकसित करने की योजना बना रही है। आदित्यनाथ ने संत कबीर नगर और गोरखपुर में 475 करोड़ रुपये से ज्यादा की 139 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, यह कॉरिडोर तामेश्वरनाथ धाम को एक नयी पहचान देने के साथ-साथ इस क्षेत्र के विकास को रफ्तार देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा तामेश्वरनाथ धाम, बाबा बैजूनाथ धाम समेत क्षेत्र के धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण केवल आस्था का सम्मान नहीं, बल्कि उन पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता है जिन्होंने इन धरोहरों की स्थापना की थी।

## गंगा में नाव पर शराब और मांसाहारी पार्टी का मामला: गिरफ्तार पांच आरोपियों को मिली जमानत

**वाराणसी:** गंगा नदी के बीच नाव पर कथित रूप से शराब पीने और मांसाहारी पार्टी करने के आरोप में गिरफ्तार पांच लोगों को अदालत से जमानत मिल गई है। आरोपियों को मंगलवार को रिहा कर दिया गया। उनके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता विकास सिंह ने बताया कि कार्यकारी मजिस्ट्रेट एवं सहायक पुलिस आयुक्त की अदालत ने प्रत्येक आरोपी को 20 हजार रुपये की दो-दो जमानतें और व्यक्तिगत मुचलका दाखिल करने के बाद रिहाई का आदेश दिया। जमानत पाने वाले आरोपियों की पहचान रामनगर क्षेत्र के सूजाबाद पड़ाव निवासी दीपक कुमार, नाविक अजय साहनी, डोमरी निवासी अरुण कुमार साहनी, अनुराग निषाद तथा सूजाबाद बंधा रोड निवासी राहुल सहनी के रूप में हुई है। मामला सोमवार शाम उस समय चर्चा में आया था, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में गंगा नदी के बीच एक नाव पर कुछ लोग कथित तौर पर बीयर पीते और मांसाहारी भोजन करते दिखे थे। वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और इसमें शामिल लोगों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान और लोकतंत्र की आत्मा को कुचलने का प्रयास किया: भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर संविधान और लोकतंत्र की आत्मा को कुचलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इतिहास के उन घटनाक्रमों को याद रखना बेहद जरूरी है जब देश के लोकतांत्रिक ढांचे और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को न केवल नुकसान पहुंचाया गया, बल्कि देश को जेलखाना तक बना दिया गया। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान ऑडिटोरियम, दुर्गापुरा में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों की मासिक पेंशन को पांच हजार रुपये बढ़ाकर 25 हजार रुपये तथा मासिक चिकित्सा सहायता एक हजार रुपये बढ़ाकर पांच हजार रुपये करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और राजनाथ सिंह समेत लगभग एक लाख से अधिक नेताओं, स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व पत्रकारों को बिना मुकदमे चलाए जेल में कैद कर दिया था।

### अनुपस्थिति और लापरवाही के आरोप में पीएमसीएच के प्रभारी प्राचार्य से अतिरिक्त प्रभार वापस लिया गया

**पटना:** बिहार सरकार ने पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत एक अधिकारी को ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और प्रशासनिक लापरवाही के आरोपों के चलते बृहस्पतिवार को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया। यह कार्रवाई मंगलवार को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के पीएमसीएच के पूर्व निर्धारित निरीक्षण के बाद की गई। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पाया कि प्रभारी प्राचार्य नरेन्द्र प्रताप सिंह अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। उन्होंने अपनी अनुपस्थिति की कोई सूचना नहीं दी थी और न ही अपने स्थान पर किसी अन्य अधिकारी को प्रभार सौंपा था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सिंह ने विभागीय अधिकारियों के फोन कॉल का भी जवाब नहीं दिया, जिससे प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक चर्चा नहीं हो सकी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक सिंह को पीएमसीएच के प्रभारी प्राचार्य के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया में प्रोफेसर के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, पटना चिकित्सा महाविद्यालय के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रो. गीता सिन्हा को अगले आदेश तक पीएमसीएच की प्रभारी प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में जवाबदेही, अनुशासन और सुचारु प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए विभाग आवश्यक कदम उठाता रहेगा। उन्होंने कहा, ''स्वास्थ्य संस्थानों में अनुशासन और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।'

### कोटा अश्लील सामग्री मामला: पाकिस्तान से तार की पुष्टि नहीं, आरोपी का फोन फोरेंसिक में भेजा गया

**कोटा:** राजस्थान के कोटा में कथित धर्मांतरण, अश्लील ऑनलाइन सामग्री और फर्जी सोशल मीडिया पहचान से जुड़े एक मामले में पुलिस ने अब तक पाकिस्तान से किसी संबंध की पुष्टि नहीं की है। बजरंग दल के कार्यकर्ता योगेश रेनवाल ने 15 जून को विज्ञान नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद यह मामला सामने आया। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि प्रेम संबंधों का झांसा देकर हिंदू महिलाओं को फंसाया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी (सीआई) मुकेश मीणा ने बृहस्पतिवार को बताया कि शिकायत के अनुसार आरोपी मनीष शर्मा उर्फ मोहिन खान सोशल मीडिया पर कई समूहों से कथित रूप से जुड़ा हुआ था और इन समूहों में हिंदू महिलाओं को प्रेम संबंधों के जाल में फंसाने, उनके आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड करने और बाद में उन वीडियो के जरिए उन्हें ब्लैकमेल करने जैसे विषयों पर चर्चा होती थी। अधिकारी ने बताया कि शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि शोषण के बाद महिलाओं पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला जाता था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी मनीष शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196(1)(ए) और (बी), 299 तथा 352 के तहत मामला दर्ज किया। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66, 67 और 67ए के तहत भी मामला दर्ज किया गया, जो अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार से संबंधित हैं।

## राम मंदिर 'दान गबन' मामले में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज




**अयोध्या :** अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित वित्तीय अनिमियतताओं से जुड़े मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बृहस्पतिवार को आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की ओर से दो दिन पहले सरकार को सौंपी गई प्रारम्भिक रिपोर्ट में कठोर सिफारिश की गई हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और देर रात तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्य कृष्णमोहन की तहरीर पर श्रीराम जन्मभूमि थाने में रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव, अनुकल्प मिश्र, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, लवकुश मिश्र, रमाशंकर मिश्र, सुभाष श्रीवास्तव तथा मनीष कुमार यादव नामक व्यक्तियों और कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सूत्रों के अनुसार चोरी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक षड्यंत्र समेत विभिन्न आरोपों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अयोध्या के राम में कथित दान और चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद ट्रस्ट ने विशेष जांच का अनुरोध किया था जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का गठन हुआ था। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि एसआईटी की निष्पक्ष जांच से 'दूध का दूध और पानी का पानी' होकर रहेगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## वाराणसी रोपवे का किराया तय, छावनी से गोदौलिया तक सफर के लिए देने होंगे 50 रुपये




**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी में भारत की पहली सार्वजनिक परिवहन रोपवे परियोजना के लिए किराया तय कर दिया गया है जिसके तहत वाराणसी छावनी रेलवे स्टेशन और गोदौलिया के बीच लगभग चार किलोमीटर की यात्रा के लिए 50 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बताया कि प्रशासन ने हाल में निर्माणाधीन रोपवे परियोजना की किराया संरचना को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने बताया कि वाराणसी छावनी स्टेशन से गोदौलिया तक की पूरी यात्रा का किराया 50 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं, विभिन्न स्टेशनों के बीच कम दूरी की यात्रा के लिए अलग-अलग किराया लिया जाएगा। बोरा ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए स्मार्ट पास की व्यवस्था भी की गई है, जिससे नियमित यात्रियों को लाभ मिलेगा। स्मार्ट पास के साथ छावनी से गोदौलिया तक की यात्रा 40 रुपये में की जा सकेगी, जबकि विद्यापीठ से रथयात्रा स्टेशन तक के सफर के लिए आठ रुपये देने होंगे। उन्होंने बताया कि निर्धारित किराया दरों में हर वर्ष एक अप्रैल से पांच प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। बोरा के अनुसार, रोपवे के संचालन से यात्रा कम समय में और अधिक आरामदायक तरीके से पूरी हो सकेगी। छावनी से गोदौलिया तक का सफर महज 15 से 16 मिनट में पूरा होगा, जबकि सड़क मार्ग से यही दूरी तय करने में सामान्यतः 30 से 45 मिनट लगते हैं। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए छावनी रेलवे स्टेशन पर लॉकर कक्ष की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। टिकटधारकों को शुरुआती दो घंटे तक सामान रखने की सुविधा निःशुल्क मिलेगी। इसके बाद 15 किलोग्राम तक के सामान के लिए 50 रुपये प्रति घंटा शुल्क देना होगा। बोरा ने बताया कि समूह यात्राओं के लिए प्रीमियम गोंडोला सेवा का किराया 2,000 रुपये प्रति यात्रा निर्धारित किया गया है। किसी संस्था या समूह द्वारा अग्रिम आरक्षण कराने पर प्रति गोंडोला प्रति यात्रा 1,200 रुपये शुल्क देना होगा।

## भरत तिवारी मुठभेड़: न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) विनोद कुमार सिन्हा मृतक के परिजन से मिले



**आरा:** बिहार के भोजपुर जिले में भरत तिवारी मुठभेड़ मामले की न्यायिक जांच कर रहे पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) विनोद कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को मृतक के पैतृक गांव पहुंचकर उसके परिजनों से मुलाकात की और घटना के संबंध में उनका पक्ष सुना। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सिन्हा, भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया और पुलिस अधीक्षक श्रीराज के साथ बिलौती गांव पहुंचे, जहां उन्होंने भरत तिवारी के परिजनों से बातचीत की। भोजपुर जिले में पिछले सप्ताह पुलिस मुठभेड़ में भरत तिवारी की मौत के बाद इस घटना को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। पुलिस द्वारा बल प्रयोग पर सवाल उठाए गए और स्वतंत्र जांच की मांग की गई। मामले को लेकर बिहार सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौती गांव निवासी भरत तिवारी 17 जून को उसे गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर अवैध हथियार से गोलीबारी करने लगा। पुलिस के अनुसार, पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तिवारी घायल हो गया और बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि, तिवारी के परिजनों का आरोप है कि तिवारी ने गोली चलाने से पहले आत्मसमर्पण कर दिया था और अपना हथियार भी फेंक दिया था। उनका दावा है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ वीडियो से प्रतीत होता है कि पुलिस की गोलीबारी के समय वह निहत्था था। हालांकि, 'पीटीआई-भाषा' उन वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। तिवारी के भाई ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) विनोद कुमार सिन्हा ने घटना के संबंध में हमारी बात सुनी।

## अयोध्या स्थित राम मंदिर के लिए सिंधी समुदाय की ओर से दान की गई 200 किलोग्राम चांदी को लेकर उठे सवाल

**लखनऊ:** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए दिये गये दान और चढ़ावे में कथित अनियमितताओं को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच सिंधी समुदाय के एक प्रतिनिधि ने जनवरी 2021 में मंदिर के लिए दान की गई लगभग 200 किलोग्राम चांदी की ईंटों के इस्तेमाल के बारे में पारदर्शिता की मांग की है। सिंधी समाज के प्रतिनिधि और विश्व सिंधी सेवा संगम के अध्यक्ष डॉक्टर राजू वी. मनवानी ने बृहस्पतिवार को लेह में 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत के दौरान कहा कि भारत और विदेश में रहने वाले सिंधी समुदाय के लगभग 200 श्रद्धालुओं ने राम मंदिर निर्माण में योगदान के लिए 26 जनवरी 2021 को चांदी की ये ईंट दान की थीं। मनवानी के मुताबिक श्रद्धालुओं ने अलग-अलग मात्रा में चांदी की ईंट दान की थीं। उन्होंने कहा कि किसी ने एक तो किसी ने 10 ईंट दी थी और ये ईंट मंदिर परियोजना में इस्तेमाल के लिए पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ सौंपी गई थीं। मनवानी बताया कि दान लेते समय कोई रसीद जारी नहीं की गई थी। उन्होंने बताया कि दानदाताओं को भरोसा था कि उनके योगदान का इस्तेमाल मंदिर के निर्माण में सही तरीके से किया जाएगा, इसलिए उन्होंने रसीद के बारे में ज्यादा नहीं सोचा। मनवानी ने बताया कि हालांकि हाल की खबरों और मंदिर के दान व चढ़ावे से जुड़ी कथित अनियमितताओं की जांच के मद्देनजर समुदाय ने चांदी की ईंटों के इस्तेमाल के बारे में जानकारी मांगी है और अनुरोध किया है कि रसीदें या संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि समुदाय की ओर से दान की गई चांदी की कीमत करीब दो करोड रुपये थी और इसके इस्तेमाल को लेकर पारदर्शिता जरूरी है।

## मानसून से पहले राजस्थान में एसडीआरएफ के 70 बचाव दल तैनात



**जयपुर:** मानसून के दौरान संभावित बाढ़ और बारिश से जुड़ी आपात स्थितियों से निपटने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) ने राजस्थान के 35 जिलों में 70 बचाव दल तैनात किये हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इन दलों को जयपुर स्थित एसडीआरएफ नियंत्रण कक्ष से कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने रवाना किया। अधिकारियों के अनुसार, भारी बारिश, जलभराव तथा नदियों और बांधों से पानी छोड़े जाने की स्थिति में संभावित बाढ़ जैसी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि सभी दलों को अत्याधुनिक बचाव उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें मोटरबोट, लाइफ जैकेट, डीप डाइविंग उपकरण और उन्नत खोज एवं संचार साधन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में ये दल स्थानीय प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा सेवाओं और सिविल डिफेंस इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित करके त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, जयपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में सबसे अधिक आठ दल तैनात किये गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद भरतपुर में सात और कोटा में छह दल तैनात किये गए हैं। उन्होंने बताया कि उदयपुर, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर में तीन-तीन दल लगाये गए हैं, जबकि संवेदनशीलता और जोखिम के आधार पर अन्य जिलों में एक या दो टीम तैनात की गई हैं। सिसोदिया ने बताया कि पिछले वर्ष 21 जून से 11 अक्टूबर के बीच मानसून अवधि में एसडीआरएफ कर्मियों ने 333 बचाव अभियान चलाए थे, जिनमें 1,237 लोगों की जान बचाई गई थी।

# पाकिस्तान जाकर जैश कमांडर से शादी की थी महिला की योजना, एटीएस ने किया गिरफ्तार





**जयपुर:** जयपुर में पांच दिन पहले गिरफ्तार की गई 38 वर्षीय महिला ने नेपाल के रास्ते पाकिस्तान जाकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के प्रमुख मसूद अजहर के करीबी माने जाने वाले एक संदिग्ध आतंकी कमांडर अबू उबैदा से शादी करने की कथित तौर पर तैयारी कर रही थी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, महिला को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया गया था और एक इस्लामी उपदेशक द्वारा आनलाइन उसका धर्म परिवर्तन भी कराया गया था। अधिकारियों के मुताबिक महिला की पहचान बबीता धाकड़ उर्फ खदीजा के रूप में हुई है। अधिकारियों के मुताबिक वह पिछले कई सप्ताह से सैन्य खुफिया एजेंसियों की निगरानी में थी। राजस्थान पुलिस के आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने रविवार को उसे गिरफ्तार करके गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया था। बबीता 27 जून तक पुलिस हिरासत में है। अधिकारियों ने बताया कि उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच में कई पाकिस्तानी नंबर मिले हैं। उन्होंने बताया कि इनमें कुछ नंबर के जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के एक करीबी रिश्तेदार यूसुफ अजहर और भारत में कई मामलों में वांछित कारी जरार से जुड़े होने का संदेह है। अधिकारियों के अनुसार जांच में सामने आया कि जयपुर के सीतापुरा क्षेत्र में अपने माता-पिता के घर रहने वाली बबीता के पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सदस्यों और समर्थकों से कथित संबंध थे। अधिकारियों के अनुसार बबीता ने पूछताछ में बताया कि वर्ष 2025 में पहलगाम हमले के बाद उसने सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी आतंकियों के बारे में जानकारी तलाशनी शुरू की थी और धीरे-धीरे उसके संपर्क कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े कई लोगों से हो गए। अधिकारियों के अनुसार महिला ने बताया कि शुरुआत में वह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से जुड़े फेसबुक पेज देखती थी और उनके फॉलोअर को बिना किसी विशेष उद्देश्य के फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजती थी। उसने बताया कि समय के साथ जिज्ञासावश उसके कई लोगों से संपर्क बन गए। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि महिला के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट की जांच में कई पाकिस्तानी नागरिकों और जैश सदस्यों से जुड़े कथित प्रोफाइल से संपर्क का पता चला है। अधिकारी ने कहा, वह फेसबुक मैसेंजर और वाट्सऐप के जरिए पाकिस्तान में रहने वाले कई लोगों से नियमित रूप से बातचीत कर रही थी। सूत्रों के अनुसार महिला के उपकरणों से प्रतिबंधित संगठन से जुड़े कथित चैट, वीडियो और संपर्क विवरण भी मिले हैं। सूत्रों के अनुसार जांच में उसने स्वीकार किया कि उसने भारतीय मोबाइल नंबर पर प्राप्त वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) एक जैश सदस्य के साथ साझा किए थे, जिससे उन नंबरों का उपयोग पाकिस्तान में सोशल मीडिया और अन्य संचार प्लेटफॉर्म पर किया जा सके। सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि अबू उबैदा नामक व्यक्ति ने उससे संपर्क किया और दोनों के बीच घनिष्ठ संबंध विकसित हो गए। दर्ज प्राथमिकी के हवाले से सूत्रों ने बताया कि महिला ने दावा किया कि वह अबू उबैदा से भावनात्मक रूप से जुड़ गई थी और मुजाहिदीन के प्रति आकर्षण के कारण जैश-ए-मोहम्मद में उसकी रुचि बढ़ी। सूत्रों ने बताया कि उसने बताया कि वह संगठन के सदस्यों और समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए हथियारों से संबंधित पोस्ट और रील्स नियमित रूप से देखती और पसंद करती थी। प्राथमिकी के अनुसार महिला ने बताया कि अबू उबैदा उससे शादी करना चाहता था और उसे नमाज पढ़ने, कुरान का अध्ययन करने तथा इस्लामी शिक्षाओं का पालन करने के लिए प्रेरित करता था। प्राथमिकी के अनुसार उसे पाकिस्तान आकर जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम करने का प्रस्ताव भी दिया गया था और इसके लिए उसे पासपोर्ट बनवाने को कहा गया था। इसके अनुसार महिला ने अबू उबैदा और एक मौलवी के साथ पाकिस्तान पहुंचने के संभावित मार्गों पर चर्चा की थी जिसमें नेपाल, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रास्ते शामिल थे।

## बिहार के जहानाबाद में तिलक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में 10 वर्षीय बालक की मौत



**जहानाबाद:** बिहार के जहानाबाद जिले में एक तिलक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में 10 वर्षीय बालक की गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान रोशन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, घटना बुधवार शाम घोसी थाना क्षेत्र के सुजातपुर गांव में कृष्णा यादव के पुत्र के तिलक समारोह के दौरान हुई। घोसी थाना के प्रभारी शैलेश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर दूल्हे के भाई समेत चार-पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, तिलक समारोह में नृत्य कार्यक्रम चल रहा था, तभी दूल्हे का भाई मंच पर चढ़ गया और जश्न मनाने के लिए हर्ष फायरिंग करने लगा। रोशन कुमार भी कार्यक्रम देखने वालों में शामिल था। स्थानीय लोगों और परिजनों का आरोप है कि दूल्हे का भाई पिस्तौल लेकर आया था, उसने पहले पिस्तौल से गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चली। इसके बाद उसने पिस्तौल नीचे कर उसे दोबारा लोड करने का प्रयास किया। इसी दौरान अचानक गोली चल गई, जो सीधे रोशन कुमार के सिर में जा लगी। पुलिस के अनुसार घायल रोशन कुमार को तत्काल निकटतम अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पासपोर्ट-नागरिकता विवाद पर सियासत तेज, सरकार ने कहा- कोई नया नियम नहीं




**नई दिल्ली, समाज्ञा:** पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाण नहीं मानने संबंधी विदेश मंत्रालय के बयान पर देश में राजनीतिक विवाद गहरा गया है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि पासपोर्ट कभी भी भारतीय नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं रहा है और पिछले 12 वर्षों में इस संबंध में कोई नया निर्णय या नियम लागू नहीं किया गया है। वहीं विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि सरकार नागरिकता के अधिकारों को लेकर भ्रम और भय का माहौल पैदा कर रही है। सरकारी सूत्रों ने पासपोर्ट अधिनियम, 1967 का हवाला देते हुए कहा कि पासपोर्ट मुख्य रूप से यात्रा दस्तावेज है। अधिनियम की कुछ धाराओं के तहत विशेष परिस्थितियों में गैर-नागरिकों को भी यात्रा दस्तावेज जारी किए जा सकते हैं। हालांकि, सामान्य स्थिति में भारतीय नागरिक न होने पर पासपोर्ट जारी नहीं किया जाता। सरकार का कहना है कि नागरिकता का निर्धारण नागरिकता अधिनियम, 1955 और उससे जुड़े नियमों के अनुसार होता है, न कि केवल किसी एक दस्तावेज के आधार पर।कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, एआईएमआईएम और अन्य विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की आलोचना की है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार नागरिकता संबंधी अधिकारों को लेकर अनिश्चितता पैदा कर रही है। वहीं महुआ मोइत्रा, असदुद्दीन ओवैसी और कपिल सिब्बल ने भी सवाल उठाते हुए पूछा कि यदि पासपोर्ट, आधार, जन्म प्रमाणपत्र और मतदाता पहचान पत्र नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं हैं तो नागरिकता साबित करने का आधार क्या होगा।इस बीच निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने या बनाए रखने के लिए स्वीकार्य 12 सहायक दस्ता-वेजों में भारतीय पासपोर्ट अब भी शामिल है और इस नियम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। विवाद के बीच विदेश मंत्रालय ने 36 पृष्ठों वाले नए सामान्य पासपोर्ट के आ-वेदन शुल्क को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये करने की अधिसूचना भी जारी की है।

### एसआईआर के तहत वैध पहचान दस्तावेजों में पासपोर्ट शामिल : निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली:** निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान अपनी पात्रता साबित करने के वास्ते मतदाताओं को जिन 12 मान्य सहायक दस्तावेजों की जरूरत होती है, उनमें भारतीय पासपोर्ट अब भी शामिल है। अधिकारियों ने उस विवाद के सिलसिले में पूछे गए सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की, जो विदेश मंत्रालय के इस बयान से उपजा था कि पासपोर्ट नागरिकता का सबूत नहीं है। मंत्रालय ने अपने बयान में पासपोर्ट अधिनियम 1967 का हवाला दिया था। सरकारी सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया है कि पासपोर्ट को कभी भी नागरिकता का सबूत नहीं माना गया है और मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में इस दस्तावेज को लेकर कोई नयी नीति लागू नहीं की है। बिहार में एसआईआर, असम में विशेष पुनरीक्षण और मतदाता सूची में सुधार के बाद के चरणों के दौरान पासपोर्ट को लगातार उन 12 दस्तावेजों में से एक के तौर पर शामिल किया गया है, जिन्हें लोग मतदाता सूची में अपना नाम बनाए रखने या पंजीकृत कराने के लिए पेश कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा, पासपोर्ट पहचान साबित करने वाले दस्तावेजों में शामिल था और अब भी है। इस नियम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# 'हब एंड स्पोक' मॉडल से सफर होगा छोटा, भारत के छोटे शहर वैश्विक अवसरों से जुड़ेंगे: मोदी



**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का 'हब एंड स्पोक' मॉडल यात्रियों के यात्रा समय को कम करेगा और साथ ही भारत के विभिन्न क्षेत्रों को वैश्विक अवसरों के और करीब लाएगा। 'हब एंड स्पोक' मॉडल के तहत पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा की शुरुआत को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए मोदी ने कहा कि बेहतर अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी से व्यापार, पर्यटन, निवेश, शिक्षा और व्यवसाय के नए अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने अपने एक संदेश में कहा, 'यह मॉडल छोटे शहरों के लोगों को निर्बाध यात्रा के माध्यम से वैश्विक गंतव्यों तक पहुंचने में सक्षम बनाता है, और साथ ही वस्तुओं व सेवाओं की आवाजाही को भी बढ़ावा देता है। इससे क्षेत्रीय विकास में मदद मिलेगी और भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत होगी।' हब एंड स्पोक मॉडल का उद्देश्य टियर-दो और टियर-तीन (छोटे और मध्यम) शहरों के हवाई अड्डों को अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के साथ निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करना है। इस मॉडल के तहत, एअर इंडिया ने बृहस्पतिवार को वाराणसी से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू की हैं, जो यात्रियों को दिल्ली के रास्ते दुनिया के विभिन्न विदेशी शहरों से जोड़ेंगी। यह मॉडल भारत को वैश्विक विमानन केंद्र बनाने के मकसद से तैयार किया गया है। इसके तहत छोट व मझोले शहरों के हवाई अड्डों को अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से निर्बाध रूप से जोड़ा जाएगा। हब एंड स्पोक (एचएंडएस) मॉडल के तहत छोटे हवाई अड्डों यानी 'स्पोक' से यात्री बड़े हवाई अड्डों यानी 'हब' के जरिये अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक पहुंच सकेंगे। इस व्यवस्था में छोटे शहरों से आने वाले यात्रियों को दिल्ली जैसे प्रमुख (हब) हवाई अड्डों के जरिये आगे की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से जोड़ा जाएगा। इस मॉडल के तहत वाराणसी हवाई अड्डे से एअर इंडिया द्वारा संचालित की जाने वाली पहली उड़ान के उद्घाटन समारोह में नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री का यह संदेश पढ़कर सुनाया।

### प्रधानमंत्री मोदी 27 से 29 जून तक सेशेल्स का दौरा करेंगे

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 से 29 जून तक सेशेल्स की राजकीय यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री अपनी इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ वार्ता करेंगे, जिसमें द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में भी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों का एक दल और भारतीय नौसेना के दो पोत भी हिस्सा लेंगे। मंत्रालय ने कहा, ''सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 से 29 जून तक सेशेल्स की राजकीय यात्रा पर जाएंगे और सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेंगे।'' विदेश मंत्रालय ने कहा, ''यह यात्रा भारत और सेशेल्स के बीच मजबूत एवं स्थायी मित्रता की फिर से पुष्टि करेगी तथा सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगी।'' प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले 2015 में सेशेल्स का दौरा किया था।

## डिजिटल गिरफ्तारी ठगी मामला : सीबीआई ने 16 राज्यों में छापेमारी की

**नयी दिल्ली:** डिजिटल गिरफ्तारी ठगी के 200 से अधिक मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 16 राज्यों के 80 स्थानों पर छापेमारी की है । इन मामलों में आरोपियों ने लोगों को ठगने के लिए उच्चतम न्यायालय की फर्जी वेबसाइट का इस्तेमाल किया था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की करीब 60 टीमों ने इस सप्ताह की शुरुआत में शुरू किए गए अभियान के तहत देशभर में 80 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का समापन दो आरोपियों बी. नरेश और संजीव साहा की गिरफ्तारी के साथ हुआ। इन्हें क्रमशः चेन्नई और कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी कथित तौर पर फर्जी कंपनियों के गठन तथा 'म्यूल' बैंक खातों को खोलने और उनके संचालन में शामिल थे। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, इन खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर अपराध से अर्जित लगभग दो करोड़ रुपये की संदिग्ध धनराशि को वैध दिखाने के लिए किया गया था। यह कार्रवाई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज प्राथमिकी के बाद की गई। यह प्राथमिकी उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री की शिकायत पर दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जालसाज उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट से मिलते-जुलते यूआरएल का इस्तेमाल कर 'डिजिटल गिरफ्त-ारी' के नाम पर लोगों को ठग रहे थे।

## ईडी ने जमीन धोखाधड़ी मामले में उत्तर प्रदेश और दिल्ली में छापे मारे

**लखनऊ:** प्रवर्तन निदेशालय ने गाजियाबाद में कथित जमीन और रियल एस्टेट धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कई ठिकानों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गाजियाबाद और राष्ट्रीय राजधानी में ठिकानों पर तलाशी ली। उन्होंने बताया कि यह जांच 'श्रेष्ठ प्रॉपबिल्ड' के प्रवर्तक संदीप सिंह, सेवा सुरक्षा सहकारी आवास समिति के पदाधिकारियों और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर समिति के सदस्यों को पुनर्विकास परियोजना के तहत फ्लैट देने का वादा करके, गाजियाबाद के अकबरपुर बेहरामपुर में 41,544 वर्ग मीटर से अधिक जमीन पर अपने अधिकार छोड़ने के लिए झांसे में लिया था। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर विकास अधिकारों का 'दुरुपयोग' करते हुए, समिति की जमीन और फ्लैट तीसरे पक्ष को बेचकर समिति के सदस्यों के साथ धोखाधड़ी की।

## जम्मू-कश्मीर: बारामूला में हाल ही में बना पुल ढहा, 10 लोग घायल

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बृहस्पतिवार को हाल ही में निर्मित एक पुल के ढह जाने से कम से कम 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर बारामूला-उरी राजमार्ग पर यह पुल ढह गया, जिससे 10 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

## सीबीआई ने उत्तराखंड में एलयूसीसी धोखाधड़ी मामले में 23 संपत्तियों को कुर्क किया

**नयी दिल्ली:** सीबीआई ने उत्तराखंड में 419 करोड़ रुपये के लोनी अर्बन मल्टी-स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) चिटफंड धोखाधड़ी मामले में आरोपियों की 23 संपत्तियों को कुर्क किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मुंबई में मौजूद इन संपत्तियों को राज्यों में लागू अनियमित जमा योजनाएं प्रतिबंध (बीयूडीएस) कानून के तहत संबंधित सक्षम प्राधिकरों और अदा-लतों के आदेश पर कुर्क किया गया है। जांच के दौरान सीबीआई को पता चला कि आरोपियों ने धोखाधड़ी के पैसों से कई संपत्तियां खरीदी थीं। एजेंसी ने एक बयान में कहा, 'सीबीआई ने उत्तराखंड में स्थित छह संपत्तियों के लिए उत्तराखंड के बीयूडीएस अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकार से कुर्की के आदेश प्राप्त किए।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया



**श्रीनगर/जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और घाटी के लोग देश भर से आने वाले तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में पत्रकारों से बातचीत में सिन्हा ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर प्रशासन, सुरक्षा बलों, भारत सरकार और प्रदेश सरकार ने मिलकर देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का इंतजाम किया है।' उपराज्यपाल ने एक बैठक में यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया। सिन्हा ने कहा, 'आज एक बैठक हुई जिसमें अलग-अलग विभागों और सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। मैं संतुष्ट हूं कि सभी इंतजाम अच्छे हैं। मैं देश भर के श्रद्धालुओं से कहना चाहता हूं कि स्थानीय लोग उनका स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।' तीन जुलाई को पहलगाम और बालटाल के दो रास्तों से 57 दिनों की यह यात्रा शुरू होगी। यह 28 अगस्त को संपन्न होगी। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा के कड़े इंतज़ामों के तहत जम्मू जिले के आर.एस. पुरा सीमा क्षेत्र के कई संवेदनशील इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह ऑपरेशन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों की मदद से चलाया गया।

# देर रात किसी पुरुष से महिला का फोन पर बात करना उसके चरित्र पर सवाल उठाने का आधार नहीं: अदालत



**नयी दिल्ली:** दिल्ली की एक अदालत ने कहा है कि महज इसलिए कि कोई महिला देर रात फोन पर किसी पुरुष से बात करती है, उसके चरित्र पर सवाल उठाने का कारण नहीं हो सकता। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शुनाली गुप्ता ने एक व्यक्ति की अपील खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। व्यक्ति ने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें घरेलू हिंसा के एक लंबित मामले में उसकी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति के 'कॉल डिटेल रिकॉर्ड' (सीडीआर) को सुरक्षित रखने की उसकी मांग को खारिज कर दिया गया था। अदालत ने 2 जून के एक आदेश में कहा, ''मेरी राय में, ...किसी व्यक्ति से बात करने मात्र से ही महिला के चरित्र पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, जब तक कि यह आरोप न लगाया गया हो कि महिला का उस व्यक्ति के साथ कोई गैर-कानूनी या व्यभिचारपूर्ण संबंध है।' अपील करने वाले पति ने दलील दी थी कि रिकॉर्ड को सुरक्षित रखना जरूरी है क्योंकि शिकायतकर्ता (उसकी पत्नी) कथित तौर पर देर रात कुछ लोगों के साथ नियमित रूप से फोन पर बात करती थी।' व्यक्ति ने दलील दी कि अगर सीडीआर को सुरक्षित नहीं रखा गया तो समय बीतने के साथ सेवा प्रदाता द्वारा रिकॉर्ड मिटाये जा सकते हैं। निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए, सत्र अदालत ने कहा कि हालांकि निजता का अधिकार पूरी तरह से असीमित नहीं है और उचित मामलों में निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार के लिए इसे सीमित किया जा सकता है, लेकिन किसी दूसरे व्यक्ति के कॉल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने की मांग के पीछे ठोस और वाजिब कारण होने चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, 'भारतीय समाज अब ऐसा पिछड़ा समाज नहीं रहा है जहां किसी महिला का पुरुष से बात करना गलत माना जाता हो।' अदालत ने उल्लेख किया कि न तो निचली अदालत में दी गई अर्जी और न ही अपील में रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने की जरूरत का कोई ठोस कारण बताया गया। अदालत ने कहा, 'महिलाएं हर क्षेत्र में, जैसे कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों आदि में काम करती हैं और उनके पुरुष सहकर्मी भी होते हैं। सिर्फ इसलिए कि कोई महिला रात में फोन पर बात करती हुई पाई गई है... यह उसके मोबाइल नंबर का सीडीआर सुरक्षित रखने की मांग का आधार नहीं बन सकता।'

### छत्तीसगढ़: बहुमंजिला भवनों, कोचिंग संस्थानों, होटलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की होगी सुरक्षा जांच

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में बहुमंजिला भवनों, कोचिंग संस्थानों, होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा एवं विशेष ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बहुमंजिला आव-ासीय परिसरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कोचिंग संस्थानों, होटलों और अन्य सार्वजनिक उपयोग के भवनों की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा व विशेष ऑडिट के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों में हुई अग्नि दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने ऐसी घटनाओं से सबक लेकर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# राज्य निजी सुरक्षा एजेंसियों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करें: गृह मंत्रालय




**नयी दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को राज्यों से गार्ड उपलब्ध कराने वाली निजी सुरक्षा एजेंसियों के लाइसेंस से जुड़े मामलों सहित सभी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने को कहा। राष्ट्रीय राजधानी में निजी सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त कार्यशाला में गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पुलिस आधुनिकीकरण) आर.प्रसन्ना ने कहा कि इन एजेंसियों को नया लाइसेंस तय समय-सीमा के भीतर जारी किया जाए और लाइसेंस नवीनीकरण के लंबित मामलों के निपटान में भी कोई कोताही न बरती जाए। एक बयान के मुताबिक, प्रसन्ना ने बताया कि इसी मामले में केंद्रीय गृह सचिव दो जुलाई को सभी राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने इन एजेंसियों को पेश आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिये राज्यों के संबंधित अधिकारियों को 'प्राइवेट सिक्योरटी एसोसिएशन' के प्रतिनिधियों के साथ निरंतर बैठक करने को भी कहा। गृह मंत्रालय की उप सचिव कृति गर्ग ने बताया कि सरकार निजी एजेंसियों से जुड़े मुद्दों पर राज्यवार नजर रख रही है ताकि इनके निपटान में कोई देरी न हो। गृह मंत्रालय के नेतृत्व में इस कार्यशाला का आयोजन 'सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री' (केप्सी) और फिक्की समेत पांच संगठनों ने संयुक्त रूप से किया, जिसमें डेढ़ दर्जन से ज्यादा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों ने शिरकत की। बयान के अनुसार, विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने लाइसेंस नवीनीकरण के लिए हर बार पुलिस सत्यापन कराने और कार्यालय बदलने पर नए सिरे से लाइसेंस लेने के नियम को गैर जरूरी बताते हुए इसे खत्म करने का सुझाव दिया।

# नीट-यूजी विवाद पर प्रधान के इस्तीफे की मांग, कांग्रेस 30 जून से शुरू करेगी राष्ट्रव्यापी अभियान

**अहमदाबाद:** विपक्षी कांग्रेस ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और देश की परीक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव की मांग को लेकर 30 जून से एक देशव्यापी अभियान शुरू करने की घोषणा की। पार्टी के एक नेता ने बताया कि 'छात्रों की गूंज' नाम के इस 40-दिन के अभियान का पहला चरण नौ अगस्त को दिल्ली चलो विरोध मार्च के साथ खत्म होगा। कांग्रेस नेता सतेज पाटिल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि परीक्षा में बार-बार हुई गड़बड़ियों की वजह से छात्रों का भरोसा टूट चुका है और लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। महाराष्ट्र के विधायक पाटिल ने कहा कि सालों की तैयारी के बाद लगभग 23 लाख छात्र नीट परीक्षा में शामिल हुए लेकिन आखिरकार सिर्फ दो लाख के करीब छात्र ही मेडिकल, दंत, आयुष और उससे जुड़े पाठ्यक्रम में दाखिला ले पाएंगे। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ने कहा, वे 130 करोड़ लोगों के देश को चलाने की बात करते हैं, लेकिन 23 लाख छात्रों के लिए ठीक से परीक्षा भी आयोजित नहीं कर पाते। यह परीक्षा बहुत मुश्किल है और वे इसे ठीक से आयोजित करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ पेपर लीक या दोबारा परीक्षा कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने व्यवस्था पर से छात्रों के भरोसे को पूरी तरह खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, छात्रों को अपनी पढ़ाई के आधार पर अंक मिलने का जो भरोसा था, वह खत्म हो गया है। वह भरोसा टूट चुका है। पूरे देश के युवाओं का भरोसा टूट चुका है। पार्टी ने देशव्यापी अभियान की घोषणा की है, जिसमें 28 शहरों को शामिल किया जाएगा और छात्रों, नौकरी के इच्छुक युवाओं, कोचिंग, कॉलेज परिसरों और पुस्तकालयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत, कांग्रेस नेता 30 जून से पर्चे बांटेंगे और नुक्कड़ सभाएं आयोजित करेंगे। कांग्रेस ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली की व्यापक जांच की मांग की। पार्टी ने प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया, उनकी छपाई, परिवहन व्यवस्था तथा परीक्षा आयोजन के लिए अनुबंधित कंपनी की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की। पाटिल ने कोचिंग संस्थानों और परीक्षा पेपर लीक करने वाले नेटवर्क के बीच मिलीभगत का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने सवाल किया, लीक हुआ प्रश्नपत्र आखिर कहां से आया? सबसे पहले यह किसके पास पहुंचा? इससे एक गठजोड़ का संकेत मिलता है। प्रश्नपत्र लीक होने की खबर सामने आती है और अगले ही दिन कोचिंग संस्थानों के विज्ञापन आने लगते हैं, जिनमें पुनर्परीक्षा की स्थिति में छात्रों से फिर से कक्षा में आने के लिए कहा जाता है। कोचिंग संस्थानों और व्यवस्था के बीच इस गठजोड़ को तोड़ने की जरूरत है।

# नौवीं की किताब में आपातकाल पर अध्याय शामिल करने के एनसीईआरटी के कदम का भाजपा ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को एनसीईआरटी के उस फैसले का समर्थन किया जिसके तहत कक्षा-9 की सामाजिक विज्ञान की किताब में आपातकाल के दौर पर एक अध्याय शामिल किया गया है। पार्टी का कहना है कि भारत के संवैधानिक इतिहास के इस 'काले अध्याय' को याद रखना जरूरी है ताकि ऐसा दोबारा कभी न हो। सत्ताधारी पार्टी ने 1975 में आ-पातकाल लागू करने को लेकर कांग्रेस पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के इस अध्याय को शामिल करने के फैसले का विरोध कर रही है। एनसीईआरटी ने पहली बार सामाजिक विज्ञान की नई किताब ''अंडरस्टैंडिंग सोसाइटी: इंडिया एंड बियॉन्ड'' में आपातकाल पर एक अध्याय शामिल किया है। इसके बाद भाजपा का बयान आया। आपातकाल को भारत में लोकतंत्र के लिए 'बड़ी चुनौतियों में से एक'' बताते हुए कहा गया है कि इस दौरान ज्यादातर मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था। यह अध्याय एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की नई किताब में शामिल किया गया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला के अनुसार, 25 जून 1975 का दिन भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक यात्रा का सबसे काला अध्याय था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौरान कांग्रेस ने हर संवैधानिक संस्था पर हमला किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 के बीच देश में आपातकाल लागू किया था। पूनावाला ने कहा, 'आपातकाल इंदिरा गांधी और कांग्रेस की सत्ता की भूख के कारण लागू किया गया था। हर संवैधानिक संस्था पर हमला किया गया। संसद, विधायिका, न्यायपालिका और मीडिया पर सेंसरशिप लगाई गई और उन्हें दबाया गया।' उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा, ''हमने देखा कि कैसे किशोर कुमार जैसे लोगों की आवाज दबाई गई और उनके गीत आकाशवाणी से हटा दिए गए। इस तरह के अत्याचार किए गए थे।'' भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, न्यायिक समीक्षा का अधिकार छीन लिया गया और संवैधानिक सुरक्षा उपायों को खत्म कर दिया गया था। उनके अनुसार, एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में आपातकाल पर अध्याय शामिल करने के फैसले से छात्रों को इस दौर के बारे में जानने में मदद मिलेगी ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा कभी न हों। उन्होंने कहा, 'इसलिए, एनसीईआरटी ने आपातकाल को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हुए उस पर एक अध्याय शामिल करने और छात्रों को इसके बारे में पढ़ाने का फ़ैसला किया है।'

# लोकल ट्रेन में हत्या: आरोपी पुलिस हिरासत में भेजा गया, वारदात में इस्तेमाल हथियार अभी बरामद नहीं हुआ




**मुंबई:** मुंबई की एक अदालत ने लोकल ट्रेन में सह-यात्री पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या करने के आरोपी व्यक्ति को बृहस्पतिवार को 30 जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। जांचकर्ताओं ने अदालत को बताया कि वारदात में इस्तेमाल हथियार अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है। मंगलवार रात बारिश के दौरान ट्रेन का दरवाजा खुला रखने को लेकर हुए विवाद के बाद सचिन सुवर्णा (30) नामक व्यक्ति ने मयंक लोहार (22) की अंधेरी और बोरीवली स्टेशन के बीच कथित तौर पर हत्या कर दी थी। यह वारदात प्रथम श्रेणी के डिब्बे में हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया और बुधवार को सुवर्णा को पनवेल से गिरफ्तार कर लिया। बोरीवली राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बृहस्पतिवार को आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया और उसकी सात दिनों की हिरासत मांगी। पुलिस ने अदालत को बताया कि अपराध में इस्तेमाल हथियार बरामद करने, हत्या के पीछे के मकसद और आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड (यदि कोई हो) का पता लगाने के लिए उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करना जरूरी है। अधिकारियों ने कहा कि वे इस बात की भी जांच करना चाहते हैं कि क्या आरोपी और पीड़ित के बीच कोई पुरानी रंजिश थी, हालांकि प्रथम दृष्टया यह अपराध तात्कालिक बहस का नतीजा प्रतीत होता है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को 30 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, चर्चगेट-नालासोपारा फास्ट लोकल ट्रेन जैसे ही रात 10:42 बजे अंधेरी स्टेशन पर रुकी, लोहार और सुवर्णा के बीच बहस शुरू हो गई। उनमें से एक चाहता था कि दरवाजा खुला रहे, जबकि दूसरे ने बारिश का हवाला देते हुए इस पर आपत्ति जताई। बहस के दौरान, मुंबई हवाई अड्डे के सहार कार्गो कॉम्प्लेक्स में काम करने वाले सुवर्णा ने 'सत्तू' (एक धारदार हथियार) निकाला और लोहार के पेट तथा छाती पर कथित तौर पर कई वार किए। अन्य यात्रियों के सामने ही लोहार खून से लथपथ होकर गिर गया, जबकि सुवर्णा बोरीवली स्टेशन पर ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। बाद में सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसका पता लगाया गया।

## ईडी ने 'आप' नेता संजीव अरोड़ा, उनसे जुड़ी संस्थाओं की 55 करोड़ रु की संपत्तियां कुर्क कीं

**नयी दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा, उनके परिवार और उनसे जुड़ी एक रियल एस्टेट कंपनी की 55.57 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत कुर्क की गई हैं। प्रवर्तन निद-ेशालय (ईडी) ने यह जानकारी दी। ईडी ने नौ मई को अरोड़ा (62) को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी उनसे संबंधित कुछ संस्थाओं में कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी से संबंधित धनशोधन मामले में छापेमारी के बाद की गई थी। पंजाब के पूर्व मंत्री फिलहाल हरियाणा की जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धनश-ोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत पंजाब के लुधियाना, हरियाणा के गुरुग्राम और चंडीगढ़ में स्थित बैंक खाते, एफडी (सावधि जमा), जमीन, व्यावसायिक संपत्तियां और आवासीय अपार्टमेंट कुर्क किये गये हैं।

### डूरंड कप 25 जुलाई से, फाइनल 23 अगस्त को

**नयी दिल्ली :** एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का अगला सत्र 25 जुलाई से शुरू होगा और इसका फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस 138 साल पुराने टूर्नामेंट में 24 टीम हिस्सा लेंगी जिनमें दो विदेशी टीम भी शामिल हैं। मैच पांच शहरों कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, इम्फाल और शिलांग में खेले जाएंगे। रांची को पहली बार मेजबान शहर के तौर पर शामिल किया गया है। मैच छह स्थलों पर खेले जाएंगे। कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन और किशोर भारती क्रीड़ांगन मुकाबलों का आयोजन करेंगे। रांची का बिरसा मुंडा स्टेडियम, गुवाहाटी का इंदिरा गांधी एथलेटिक्स स्टेडियम, इम्फाल का खुमान लम्पक स्टेडियम और शिलांग का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम अन्य आयोजन स्थल होंगे। तीनों सेना की ओर से भारतीय सेना की पूर्वी कमान द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में सेना की टीमों के अलावा भारत के कुछ प्रमुख फुटबॉल क्लब भी हिस्सा लेते हैं।

# शेफाली के तूफानी अर्धशतक से भारत ने बांग्लादेश को हराया, सेमीफाइनल की उम्मीद कायम

**मैनचेस्टर :** सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के विस्फोटक अर्धशतक की बदौलत भारत ने महिला टी20 विश्व कप में बृहस्पतिवार को बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा। हालांकि भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण एक बार फिर निराशाजनक रहा और खिलाड़ियों ने कई आसान कैच गंवाए।बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में भारत ने 16.5 ओवर में पांच विकेट पर 139 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद दबाव में उतरी भारतीय टीम को शेफाली ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने 34 गेंदों में 53 रन



की आक्रामक पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक चौके और छक्के शामिल रहे। शेफाली ने मात्र 29 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और पावरप्ले में भारत का स्कोर 63 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।हालांकि नौवें ओवर में वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से स्टंप आउट हो गईं। इसके बाद बीच के ओवरों में रनगति कुछ धीमी हुई, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स ने 15 गेंदों पर 26 रन की तेज पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया।इससे पहले भारत के क्षेत्ररक्षकों ने शुरुआती छह ओवरों में चार आसान कैच छोड़ दिए। नंदनी शर्मा, यास्तिका भाटिया और राधा यादव ने मौके गंवाए, जिसका लाभ बांग्लादेश की सलामी बल्लेबाज जुयैरिया फिरदौस को मिला। तीन जीवनदान पाने वाली फिरदौस ने 31 गेंदों पर 33 रन बनाए। उनकी और शोभना मोस्तारी (22) के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी हुई।गेंदबाजी में राधा यादव ने शानदार वापसी करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट झटके। रेणुका सिंह ठाकुर ने भी शुरुआती सफलता दिलाई, जबकि श्री चरणी ने अंतिम ओवर में केवल तीन रन देकर दो विकेट हासिल किए।इस जीत के बावजूद भारत की सेमीफाइनल की राह आसान नहीं है। अंतिम चार में जगह बनाने के लिए उसे 28 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाला अहम मुकाबला जीतना होगा।

## मैक्सिको ने चेक गणराज्य को 3-0 से हराया, ग्रुप चरण के तीनों मैच जीतकर रचा इतिहास



**मैक्सिको सिटी :** मेजबान मैक्सिको ने फीफा विश्व कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेक गणराज्य को 3-0 से हराकर पहली बार ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीतने का इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ मैक्सिको ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर रहते हुए नॉकआउट चरण में पहुंच गया, जबकि चेक गणराज्य केवल एक अंक के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गया।मैक्सिको की ओर से 22 वर्षीय माटेओ शावेज़ ने 55वें मिनट में पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद जूलियन क्विनोनेस ने टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागकर बढ़त दो-गुनी कर दी। दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में अल्वारो फिडाल्गो ने तीसरा गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। मैक्सिको का इससे पहले विश्व कप ग्रुप चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो जीत और एक ड्रॉ का था, जो उसने 1986 और 2002 में हासिल किया था। दोनों अभियानों में मौजूदा कोच जेवियर अगुइरे की अहम भूमिका रही थी।मैच में मैक्सिको के भविष्य और अनुभव दोनों की झलक देखने को मिली। 17 वर्षीय गिलबर्टो मोरा विश्व कप में शुरुआती एकादश में शामिल होने वाले देश के सबसे युवा खिलाड़ी बने। वहीं 40 वर्षीय गोलकीपर गुइलेर्मो ओचोआ मैदान पर उतरकर छह विश्व कप खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए।मैक्सिको अब मंगलवार को एज़्टेका स्टेडियम में राउंड-ऑफ-32 का मुकाबला खेलेगा। टीम पिछले नवंबर से लगातार 11 मैचों में अपराजित है और खिताब की मजबूत दावेदार बनकर उभरी है।

## दक्षिण कोरिया को हराकर पहली बार नॉकआउट राउंड में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका

**ग्वाडालूप (मैक्सिको) :** थापेलो मासेको के गोल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार रात को दक्षिण कोरिया पर 1-0 से रोमांचक जीत हासिल करके पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मासेको ने त्शेपांग मोरेमी के सटीक क्रॉस पर 63वें मिनट में गोल किया। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप ए में मैक्सिको के बाद दूसरे स्थान पर रहा। मैक्सिको ने ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच जीते। दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को नॉकआउट मुकाबले में कैलिफोर्निया के इंगलवुड में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली कनाडा की टीम से भिड़ेगी। मासेको ने मैच में गोल पर कुल पांच शॉट लगाए। जब उनसे पूछा गया कि वह अपनी इस उपलब्धि के बारे में क्या कहेंगे, उन्होंने कहा, ''मैं बस यही कहूंगा कि सपने देखते रहो।'' दक्षिण अफ्रीका 1998, 2002 में और मेजबान के रूप में 2010 में ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में असफल रहा था। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप में अपने पहले मैच में मैक्सिको से 2-0 से हार का सामना किया, लेकिन बाद में चेक



गणराज्य के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच ह्यूगो ब्रूस ने कहा, ''इस टीम की मानसिकता अद्भुत है। हर कोई एक-दूसरे के साथ सहयोग कर रहा है। हम दूसरी टीमों से खौफ नहीं खाते हैं।''

## सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में फिट करना बड़ी चुनौती, सैमसन, किशन, अभिषेक पर होगी नजर



**बेलफास्ट :** श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ नए दौर की शुरुआत करेगी। इस मुकाबले से पहले सबसे बड़ा सवाल यह है कि 15 वर्षीय क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में जगह कैसे दी जाए।आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने वाले सूर्यवंशी ने हाल ही में श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में मात्र 29 गेंदों पर 94 रन की विस्फोटक पारी खेलकर सबका ध्यान आकर्षित किया था। ऐसे में क्रिकेट प्रेमी उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।हालांकि टीम प्रबंधन के लिए यह फैसला आसान नहीं होगा। भारत के शीर्ष क्रम में संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन जैसे स्थापित बल्लेबाज मौजूद हैं। मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में तीनों ने अर्धशतक जड़कर भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद भारत ने इस प्रारूप में कोई मुकाबला नहीं खेला है।यदि सूर्यवंशी को सलामी बल्लेबाज के रूप में मौका दिया जाता है तो सैमसन या अभिषेक में से किसी एक को बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरना होगा या फिर बाहर बैठना पड़ सकता है। विश्व कप विजेता संयोजन के साथ छेड़छाड़ करना टीम प्रबंधन के लिए कठिन निर्णय होगा।सैमसन को मध्यक्रम में भेजा जा सकता है, लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर कप्तान श्रेयस अय्यर तथा उपकप्तान तिलक वर्मा की जगह लगभग तय है। ऐसे में छठे नंबर का विकल्प बचता है, जो आमतौर पर ऑलराउंडरों के लिए सुरक्षित माना जाता है। भारत के पास शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और सूर्यांश शेडगे जैसे उपयोगी ऑलराउंडर भी मौजूद हैं।

## सुदर्शन की शतकीय पारी से भारत ए ने श्रीलंका ए के खिलाफ पहले दिन चार विकेट पर 333 रन बनाये

**गॉल (श्रीलंका) :** सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन के शानदार शतक और कप्तान ध्रुव जुरेल तथा शेख रशीद की नाबाद अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ए ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच के शुरुआती दिन चार विकेट पर 333 रन बनाकर मुकाबले पर मजबूत पकड़ बना ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत ए को इस चार दिवसीय मैच में सुदर्शन ने बेहतरीन शुरुआत दिलाई। उन्होंने 175 गेंदों पर 19 चौकों की मदद से 132 रन की शानदार पारी खेली। दिन के आखिरी में जुरेल (नाबाद 68) और रशीद (नाबाद 53) ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की अटूट साझेदारी कर श्रीलंका ए की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सुदर्शन ने शुरुआत से ही संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाया। उन्होंने खराब गेंदों का पूरा फायदा उठाया और गेंदबाजों को आउट करने का कोई मौका नहीं दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने आयुष पांडे (25) के साथ पहले विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई। सुदर्शन के आउट होने के बाद भी भारत ए की रनगति पर कोई असर नहीं पड़ा। जुरेल



ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए स्ट्राइक का अच्छा रोटेशन किया और ढीली गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। वहीं रशीद ने तेज और स्पिन दोनों तरह की गेंदबाजी के खिलाफ आत्मविश्वास दिखाया। श्रीलंका ए की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर दिलुम सुदीरा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 29 ओवर में 98 रन देकर दो विकेट हासिल किए। भारतीय बल्लेबाजों ने नियमित अंतराल पर साझेदारियां बनाकर मेजबान टीम के गेंदबाजों को दबाव बनाने का मौका नहीं दिया। देवदत्त पडिक्कल (12) और रुतुराज गायकवाड़ (22) बड़ी पारी खेलने में नाकम रहे। भारत ए अब दूसरे दिन अपनी मजबूत शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने का प्रयास करेगा। यह चार दिवसीय मुकाबला भारत ए के बहु-प्रारूप श्रीलंका दौरे का हिस्सा है।

### फीफा विश्व कप ट्रॉफी की कीमत चार साल में दोगुने से अधिक बढ़ी

**नयी दिल्ली :** वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर खेल जगत की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर भी दिखाई दे रहा है जहां फीफा विश्व कप ट्रॉफी में मौजूद सोने का मूल्य बढ़कर लगभग 7.13 लाख डॉलर ( लगभग 6.73 करोड़ रुपये) पहुंच गया है। वित्तीय बाजार डेटा प्रदाता एलएसईजी के मुताबिक यह आंकड़ा 2022 विश्व कप के समय की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। विश्व कप ट्रॉफी 18 कैरेट सोने से निर्मित है और इसका कुल वजन 6.175 किलोग्राम है जिसमें लगभग 4.93 किलोग्राम शुद्ध सोना शामिल है। भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक व्यापार अनिश्चितता और आर्थिक विकास की धीमी रफ्तार के बीच सोने की कीमतों में आई तेजी ने ट्रॉफी के मूल्य को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। एलएसईजी मेटल्स रिसर्च के वरिष्ठ धातु विश्लेषक देबाजित साहा ने कहा, '' सोने की कीमतों में हाल के उच्चतम स्तरों से कुछ नरमी आई है, लेकिन दीर्घकालिक रुझान अब भी बेहद उल्लेखनीय बना हुआ है।''

## रेल मंत्रालय ने भाला और अन्य भारी खेल उपकरण रेल में ले जाने की स्वीकृति दी

**नयी दिल्ली :** खिलाड़ियों को अब रेल में भाला और भारी खेल के सामान ले जाने की इजाजत होगी, भले ही ये उपकरण तय आकार से बड़े हों। हालांकि पोल वॉल्ट के पोल को इस छूट में शामिल नहीं किया गया है। हाल ही में जारी एक सर्कुलर में रेल मंत्रालय ने रेल में गैर मानक आकार वाले बड़े और नाजुक खेल के सामान को ले जाने के लिए नियम बनाए हैं। यह छूट उन खबरों के बाद दी गई है जिनमें बताया गया था कि खिलाड़ियों को रेल से यात्रा करते समय गैर मानक आकार के सामान को ले जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। सर्कुलर में कहा गया है कि भाले और खेल के अन्य बड़े सामान को निर्धारित माल ढुलाई शुल्क का भुगतान करने पर रेल में उपलब्ध सामान रखने की जगह में प्राथमिकता के आधार पर ले जाया जा सकता है। मंत्रालय ने साफ किया है कि सामान के लिए अधिकतम वजन की सीमा तय करने वाले मौजूदा व्यावसायिक सर्कुलर खेल के सामान पर लागू नहीं होंगे, बशर्ते पार्सल निरीक्षण यह सत्यापित कर ले कि ले जाया जाने वाला सामान असल में खेल का सामान ही है।



### सेबी ने मई में निवेशकों की 5,500 से अधिक शिकायतों का समाधान किया

**नयी दिल्ली :** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मई में अपने ऑनलाइन शिकायत निवारण मंच (स्कोर्स) के जरिये निवेशकों की 5,500 से अधिक शिकायतों का निपटान किया है। सेबी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, मई के आखिर तक स्कोर्स पर 10 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से लंबित थीं। इन शिकायतों से जुड़ी कंपनियों में केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लि., सेक्योर क्रेडेंशियल्स लि. और ईस्टर्न इनवेस्टमेंट्स लि. शामिल हैं। नियामक के शिकायत मंच को मई में 4,918 नई शिकायतें मिलीं, जबकि इस दौरान 5,548 शिकायतों का समाधान किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले अमेजन के सीईओ जेसी, भारत में अतिरिक्त 13 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा

**नयी दिल्ली :** अमेजन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ई-कॉमर्स कंपनी की 2030 तक भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) व क्लाउड अवसंरचना के विस्तार के लिए अतिरिक्त 13 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश करने की योजना की घोषणा की। जेसी ने भारत के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराई। इस नए निवेश से 2026 से 2030 के बीच भारत में अमेजन का कुल पूंजी निवेश 48 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। यह नया निवेश भारत के प्रति अमेजन की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जेसी ने भारत



को कंपनी के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण वृद्धि वाले बाजारों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स और क्लाउड कंप्यूटिंग इकाई अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) में ग्राहकों की मजबूत मांग के कारण भारत में अमेजन का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, विस्तृत उपभोक्ता आधार तथा क्लाउड और कृत्रिम मेधा (एआई) सेवाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए निवेश बढ़ा रही हैं। अमेजन ने पिछले एक दशक में भारत में लॉजिस्टिक नेटवर्क, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचा और डिजिटल सेवाओं के विस्तार पर भारी निवेश किया है, ताकि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी उपस्थिति मजबूत की जा सके। जेसी ने भारत के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अमेजन का भारतीय कारोबार मजबूत वृद्धि की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनी ई-कॉमर्स, एआई, क्लाउड और मनोरंजन सहित कई क्षेत्रों में काम कर रही है और भारत उसके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बाजार बन चुका है।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के 'काफी करीब': गोयल

**लंदन :** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता 'बहुत करीब' है, लेकिन यह तब तक लागू नहीं हो सकता जब तक भारत को अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में शुल्क का लाभ न मिले। उन्होंने यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक इवेंट' में कहा, ''जिस दिन ऐसा होगा, समझौता पक्का हो जाएगा।'' गोयल भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं। मंत्री ने इस सप्ताह नयी



दिल्ली में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर दो दिन तक बातचीत की। हालांकि, वाणिज्य मंत्रालय के एक बयान से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला कि 24 जुलाई को 10 प्रतिशत का अस्थायी शुल्क खत्म होने से पहले सभी मतभेद सुलझा लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते का मुख्य मकसद बाजार तक पहुंच के मामले में प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में फायदा दिलाना है। गोयल ने कहा, ''और जब तक प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले लाभ पाने की रूपरेखा तय नहीं हो जाती, हम अमेरिका के साथ समझौता लागू नहीं कर सकते। मुझे नहीं लगता कि मैं इससे ज्यादा साफ तौर पर कुछ कह सकता हूं...।''

### बिहार में नयी चीनी मिल लगाने वालों को एक रुपये में पट्टे पर मिलेगी 40 एकड़ तक जमीन

**पटना :** बिहार सरकार ने राज्य में नयी चीनी मिलों की स्थापना को बढ़ावा देने और गन्ना आधारित उद्योगों में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 'बिहार गन्ना उद्योग निवेश प्रोत्साहन नीति, 2026' लागू की है। इसके तहत नयी चीनी मिल स्थापित करने के इच्छुक निवेशकों को गन्ना उद्योग विभाग और बिहार राज्य चीनी निगम की भूमि 30 वर्ष के पट्टे पर 40 एकड़ तक जमीन मात्र एक रुपये के सांकेतिक शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत इस नीति की जानकारी बृहस्पतिवार को गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने दी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नयी चीनी मिल स्थापित करने के लिए भूमि खरीदने पर निवेशकों को निबंधन एवं स्टांप शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति दी जाएगी, इसके अलावा, चीनी उत्पादन पर देय राज्य माल एवं सेवा कर (एसजीएसटी) की भी पांच वर्षों तक 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है।

## कच्चे तेल के दाम में नरमी शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

**सेंसेक्स 109 अंक चढ़ा**

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। कच्चे तेल के दाम में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ निवेशकों की धारणा मजबूत होने से वाहन, विमानन और बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसक्स 109 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 34 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 109.25 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,100.47 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 19 में गिरावट आई और 11 लाभ में रहे। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और एक समय 811.96 अंक यानी एक प्रतिशत और चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 77,803.18 अंक पर पहुंच गया था। हालांकि, कारोबार के दूसरे सत्र में सूचना प्रौद्योगिकी और धातु शेयरों में मुनाफावसूली से कारण इसकी बढ़त सिमट गई। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 34.35 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 24,056 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 24,261.60 अंक तक गया और नीचे में 24,039 अंक तक आया। सेंसेक्स के शेयरों में इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन में सबसे अधिक 4.82 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और भारती एयरटेल शामिल हैं।

## तेल के दाम युद्ध से पहले के स्तर पर, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली, समाज्ञा :** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने से पूर्व के स्तर पर आ गयी है। इससे महंगाई का खतरा कम होने, आयात बिल घटने और सरकार की वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कच्चा तेल आयातक भारत के लिए स्थिति काफी अनुकूल हो गयी है। वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर लगभग 72-73 डॉलर प्रति बैरल, जबकि अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। इससे उस भू-राजनीतिक जोखिम के कारण बढ़ी हुई कीमत का असर खत्म हो गया है, जिसके कारण इस साल की शुरुआत में तनाव बढ़ने पर दाम 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। दोनों मानक अब फरवरी के आखिर के स्तर के करीब आ गए हैं। कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद बृहस्पतिवार को खुदरा ईंधन के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। हाल ही में वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में तेजी के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। हालांकि, उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं ने अब तक पेट्रोल पंप पर कीमतें कम नहीं की हैं। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीन खुदरा ईंधन विक्रेता अभी पेट्रोल पर अच्छा विपणन मार्जिन कमा रहे हैं। हालांकि, डीजल की बिक्री से अब भी थोड़ा नुकसान हो रहा है।

### सोना 2,800 रुपये टूटा, चांदी 5,000 रुपये कमजोर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट और डॉलर में मजबूती के कारण निवेशकों की इन धातुओं में दिलचस्पी कम हुई, जिससे यह गिरावट का दौर जारी रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। पिछले सत्र में यह 1,48,100 रुपये थी। चांदी में भी कमजोरी आई और इसकी कीमत 5,000 रुपये घटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो छह महीने का निचला स्तर है। पिछले सत्र में चांदी 2,31,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमतें 24 दिसंबर, 2025 को भी इसी स्तर के आसपास थीं, जब इसका कारोबार 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर हुआ था।

## वैश्विक कंपनियों का भारत के प्रति बढ़ रहा आकर्षण, 90 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणाएं

**नयी दिल्ली :** वैश्विक कंपनियों और संस्थागत निवेशकों का भारत को लेकर आकर्षण बढ़ रहा है। इन कंपनियों ने हाल के महीनों में भारत में 90 अरब डॉलर से अधिक के नए निवेश की घोषणाएं की हैं। यह वैश्विक स्तर पर तनाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद देश की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावन-ाओं में बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। सूत्रों के मुताबिक, ये निवेश की प्रतिबद्धताएं कृत्रिम मेधा (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल बुनियादी ढांचा, विनिर्माण और औद्योगिक प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में की गई हैं। ये प्रतिबद्धताएं ऐसे समय जतायी गयी हैं जब दुनिया भर की कंपनियां व्यापार में बाधाओं और पश्चिम एशिया में अस्थिरता से जूझ रही हैं। सबसे बड़ी प्रतिबद्धताओं में से एक, फरवरी में गूगल ने पांच साल में भारत में एआई बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 15 अरब डॉलर के निवेश की योजना का ऐलान किया। इसमें डेटा सेंटर, समुद्र के भीतर संपर्क सुविधा, क्लाउड



क्षमता और कार्यबल कौशल पहल शामिल हैं। इसके बाद मार्च में औद्योगिक प्रौद्योगिकी समूह एबीबी ने प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में विनिर्माण और शोध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 7.5 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया की एयर ट्रंक ने 2030 तक भारत में पांच गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने के लिए 30 अरब डॉलर के निवेश की योजना की घो-षणा की। यह देश के इतिहास में डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए किए गए सबसे बड़ी निवेश प्रतिबद्धताओं में से एक है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3634 अंक 100 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in